# आओ मिलकर आगे बढ़ें।

स्व. श्री खड़क सिंह पारधी
संस्थापक ट्रस्टी, पंवार छात्रावास,बालाघाट

स्व. श्री थानसिंह बिसेन
प्रथम विधायक, वारासिवनी विधानसभा

अच्छी योजना बनाना बुद्धिमान का काम है, पर उसको ठीक से पुरा करना धैर्य और परिश्रम का काम है।

आप सभी सामाजिक बंधुओं को
**पोवारी उत्कर्ष पत्रिका**
**विमोचन व**
**दिपावली पर्व**
की हार्दिक
शुभकामनाएं।

**गौरव मोहन सिंह पारधी**
**समाजसेवी**

निवास : ग्राम अंसेरा, पो. : जरामोहगांव , तह : वारासिवनी, जि. : बालाघाट

CERTIFICATE OF NOMINATION

Presented to

C K Lac Processing Industry

For successfully being part of Nomination Phase of

INDIA 5000 BEST MSME AWARD

INDIA 5000 BEST MSME AWARDS

चक्रवर्ती सम्राट राजाभोज

स्थापना तिथि - २० जनवरी २०२०

# राष्ट्रीय पोवारी साहित्य, सामाजिक उत्कर्ष संस्था

प्रधान संपादक
श्री. ऋषि बिसेन

संपादक
डॉ.शेखराम येळेकर

संपादक
सौ.छाया सुरेन्द्र पारधी

सह- संपादक
डॉ.विशाल बिसेन

सह- संपादक
सौ.वर्षा पटले रहांगडाले

सह- संपादक
सौ. स्वाती कटरे तुरकर

सह- संपादक
चि. सोनु भगत

✻ कार्यकारणी मंडल ✻

अध्यक्ष
श्री ऋषि बिसेन

उपाध्यक्ष
डॉ. शेखराम येळेकर

उपाध्यक्ष
सौ. छाया सुरेन्द्र पारधी

सचिव
चि. सोनु भगत

सदस्य
डॉ. शेखर पटेल

सदस्य
डॉ. विशाल बिसेन

सदस्य
श्री नरेश गौतम

सदस्य
सौ. वर्षा पटले रहांगडाले

सदस्य
श्री राजेश बिसेन

सदस्य
डॉ. हरगोविंद टेंभरे

सदस्य
सौ. स्वाती कटरे तुरकर

सदस्य
श्री गुलाब बिसेन

सदस्य
सौ. ज्योत्सना पटले टेंभरे

✻ प्रकाशक ✻

राष्ट्रीय पोवारी साहित्य, सामाजिक उत्कर्ष संस्था

✻ मुखपृष्ठ संपादक ✻

प्रकिप (पिंटू) कोठे, तिरोडा

✻ मुखपृष्ट छवी ✻

कु. समृद्धी सुरेन्द्र पारधी

✻ मुद्रक ✻

राजु तुप्पट आर्ट, खैरलांजी रोड तिरोडा, जि.गोंदिया

९३२६८०४०७०

photographybharat76@gmail.com

**गौरीशंकर बिसेन**
विधायक
मध्यप्रदेश विधान सभा
क्षेत्र क्र.-111 बालाघाट
(पूर्व सांसद/पूर्व मंत्री म.प्र.शासन)

डी/4, 74 बंगले,
स्वामी दयानंद नगर, भोपाल
वार्ड नं.22, सर्किट हाऊस रोड
बालाघाट (म.प्र.) 481001
मोबा.: 9425139726
दूरभाष : 07632-241226
फैक्स : 07632-248900

क्रमाँक

दिनाँक : 27.09.2020

## शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि राष्ट्रीय पोवारी, साहित्य, सामाजिक उत्कर्ष संस्था द्वारा दिपोत्सव विशेष वार्षिक सामाजिक पत्रिका "**पोवारी उत्कर्ष**" का प्रथम संस्करण दीपावली के पावन पर्व पर प्रकाशित किया जा रहा है ।

पंवार समाज ने राष्ट्र एवं प्रदेश के शिक्षा, राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों में महत्वपूर्व दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपना अमूल्य योगदान लगातार देकर विशिष्ट पहचान बनाई है ।

पोवारी उत्कर्ष पत्रिका संपूर्ण समाज के विकास के लिये निश्चित रूप से एक प्रेरणादाई पत्रिका सिद्ध होगी ।

स्वजातिय बन्धुओं को दीपोत्सव एवं नूतनवर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं....................

(गौरीशंकर बिसेन)
विधायक
111–बालाघाट, (म.प्र.)

**विजय भरतलाल रहांगडाले**
आमदार
६४-तिरोडा-गोरेगांव विधानसभा

निवास : मु.खमारी, ता.तिरोडा, जि.गोंदिया,मोबा. नं.९७६४११०४८८
कार्यालय : विर सावरकर वार्ड, तिरोडा, ईमेल: vijayrahangdaletirora@gmail.com

तारीख : २९ /०९/२०२०

# शुभकामना संदेश

मोला आयकस्यानी बहुत बेस लगेव् अना बहुत खुशी भयी की, राष्ट्रीय पोवारी, साहित्य, सामाजिक उत्कर्ष संस्था कनलक् दिपोत्सव वार्षिक सामाजिक पत्रिका "पोवारी उत्कर्ष" को पयलो संस्करण दिवारी को पवित्र बेरा मा प्रकाशित होय रही से.

पोवार समाज न सामाजिक, शैक्षणिक, राजनैतिक अना आर्थिक क्षेत्र मा आपरो महत्वपुर्ण योगदान देयकन आपली विशिष्ट प्रकार की अलग छाप विविध, जाग, राज्य अना राष्ट्रीयस्तर पर बनायी सेस.

पोवारी उत्कर्ष पत्रिका समाज को सर्वांगीण विकाससात मार्गदर्शक को रूप मा प्रेरणा देये.

**पोवार समाज को समस्त भाई अना बहीण ला**
**दिवारी की अना**
**आवनेवालो नवो साल की**
**बहुत बहुत शुभेच्छा !!**

(विधायक)
तिरोडा/गोरेगाव विधानसभा क्षेत्र

श्रीमती नवनित रवि राणा
सांसद
अमरावती लोकसभा

# हार्दिक शुभकामनाएँ

दि.०२/१०/२०२०

मुझे यह जानकार अपार खुशी हुई है की, वर्ष २०२० के इस प्रकाश एवं खुशीयों के **दिपावली** महापर्व पर **पोवारी उत्कर्ष** का प्रथम संस्करण प्रकाशित हो रहा है। मुझे पुर्ण आशा है की, यह वार्षिक अंक सामाजिक तथा सांस्कृतिक स्तरपर पोवार समाज बांधव के लिए एक नई दिक्षा प्रदान करेगा।

मै **पोवार उत्कर्ष** के प्रकाशन के लिए अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित करती हुँ।

इस अंक के प्रकाशन पर मेरी ओर से **हार्दिक शुभकामनाएँ !**

**शुभेच्छुक**

**सौ.नवनित रवि राणा**
सांसद
अमरावती लोकसभा निर्वाचण क्षेत्र

५०, गंगा सावित्री बंगलो, शंकर नगर राजापेठ, अमरावती-444606, महाराष्ट्र
टेलीफोन : 0721 - 2579671, 2679398 मोबाईल : 09594503503 / 9969011111/9594504504
Email : yuvaswabhiman@yahoo.in / rr_group@rediffmail.com / rr.ravirana@gmail.com
Web : www.yuvaswabhiman.org.in

**रवि राणा**
**आमदार**

# शुभ संदेश

दि.०२/१०/२०२०

यह अत्यंत हर्ष का विषय है की, **पोवारी उत्कर्ष** का प्रथम संस्करण **दिपावली २०२०** के पावन पर्व पर प्रकाशित हो रहा है।

यह वार्षीक अंक समाज को नई दिक्षा प्रदान करने, तथा पोवार समाज के प्रचार एवं प्रसार मे महत्वपुर्ण भुमीका निभाएंगा। यह अंक सभी पोवार बंधुभगीनी को प्रेरीत करने मे सार्थक साबीत होगा।

पोवार उत्कर्ष के सभी सदस्योंसे यह आशा और पुर्ण विश्वास है की, आप **पोवारी भाषा** तथा **पोवार समाज** एकता को उंचे शिखर पर विराजमान करेगे।

इस अंक के प्रकाशन पर मेरी और से **हार्दिक शुभकामनाए !**

आपका

**रवि राणा**
विधायक
बडनेरा निर्वाचन क्षेत्र
जि.अमरावती

कार्यालय : युवा स्वाभिमान पार्टी, राजकमल ते राजापेठ रोड, अमरावती – ४४४ ६०५, (महाराष्ट्र)
टेलीफोन : 0721-2579671, 2679398, मो. 9969011111, 9594504504, 9049067331
Web: www.yuvaswabhiman.org.in
E-mail : yuvaswabhiman@yahoo.in / rr_group@rediffmail.com / rr.ravirana@gmail.com

नाना पटोले

अध्यक्ष
महाराष्ट्र विधानसभा
विधान भवन, मुंबई ४०० ०३२
दिनांक :

## संदेश

मुझे यह जानक प्रसन्नता है, की पोवार इतिहास, साहित्य, संस्कृति एवं उत्कर्ष परिषद द्वारा दीपोत्सव विशेष वार्षिक सामाजिक पत्रिका "पोवारी उत्कर्ष" का प्रथम संस्करण दीपावली के पावन पर्व पर प्रकाशित किया जा रहा है !

पोवार समाज ने राष्ट्र एवं प्रदेश के शिक्षा, राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों में महत्वपुर्ण दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपना अमूल्य योगदान लगातार देकर विशिष्ट पहचान बनाई है !

पोवारी उत्कर्ष पत्रिका संपूर्ण समाज के विकास के लिये निश्चित रूप से एक प्रेरणादायी पत्रिका सिद्ध होगी !

सभी बन्धुओं को दीपोत्सव एवं नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं !

(नाना पटोले)

कार्यालय : ०२२-२२०२ ३१०१/२२०२ ३५४२, फॅक्स : ०२२-२२०२ ४३२०,
ई-मेल : speaker.maha@gmail.com

# विनोद अग्रवाल

विधानसभा सदस्य,
६५ - गोंदिया विधानसभा, महाराष्ट्र
94221 30742


जा.क्रं. २०३८ /२०२० | दि. २८/०९/२०२०

## संदेश

*o*

पोवारी उत्कर्ष का प्रथम संस्करण दीपावली के पावन पर्व पर प्रकाशित किया जा रहा है। यह जानकर मन प्रफुल्लित हुआ की, पोवार समाज का इतिहास साहित्यिक तथा संस्कृति से व्यापक समाज है।

पंवार समाज ने हमेशा राष्ट्र की रक्षा, सामाजिक, राजनैतिक, साथ ही आर्थिक दृष्टीकोण में अपना महत्पूर्ण योगदान देकर एक समाज के दायित्वो को अग्रसर रखने के हमेशा प्रयास किये है। पोवार समाज ने सामाजिक दृष्टीकोण से समाज को आगे लाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान रखा है।

**पोवारी उत्कर्ष** पत्रिका संपूर्ण समाज के विकास के साथ समाज के विकास के लिए प्रेरणा तथा गरिमामय पत्रिका सिद्ध होगी। और समाज को राष्ट्रीय स्तर तक लेकर जाने में कामयाब होगा।

साथ ही सभी पोवार समाज के सभी भाई एंव बहनों को नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं.........!!!

आपका

विनोद अग्रवाल
वि.स.स.

522, आमदार निवास, आकाशवाणी, 169, एच.टी.पारेख मार्ग, चर्चगेट, मुंबई, महाराष्ट्र - 400020
कार्यालय : जुना बस स्टॅण्ड रोड, गोरक्षण मार्केट समोर, गोंदिया - 441601
कार्यालस प्रमुख : 93253 26505 | पी.ए. : 84217 55689, 9326268239 | ईमेल : mla65@vinodagrawal.in

# अनुक्रमणिका

# आरती गढ़कालिका माता की

(चाल: आरती कुजबिहारी की)

आरती  गढ़कालिका की,
आमरो कुलदेवी माय कि।। धृ।।

हातमा मा नौरंग को चूड़ा
गरोमा चंडमूंड की माला
कानमा कुंडल झलकाला
माथा कुमकुम, सुंदरतम रूप
माता धारेश्वरी माय की।।१।।

हिरवोकच साड़ी को सिंगार
हात मा खड्ग धरे तलवार
नयनमा करुणा की से धार
पोवार की माय, भोजला पाय
संकट हरनी माय की।।२।।

नवदुर्गा अंबे तोरो रूप आय
सप्तमीला काली रूप देखाय
उज्जैन मा विराजी तू माय
संकट हरनी,सुख करनी
माता कालिका रानी की।।३।।

धार मा सजी से दरबार
पावन महि नदी की धार
तुच आमरी सृजनहार
आमला तार, भवसागर पार
माता चामुंडा रानी की।।४।।

तोरो माय करु मी गुणगान
आरती की सजाऊ मी थाल
करू भक्ति तोरी अपार
मुक्ति को द्वार,तोरो नाव
माता भद्रकाली की।।५।।

- सौ. छाया सुरेंद्र पारधी

डॉ. शेखराम परसराम येळेकर नागपूर

धारा एक नगरी, होती पवित्र
राज करे वंज्या, सिंधुल को पुत्र

भोज वको नाव, होतो महादानी
कला को पारखी, होतो महागुणी

लढाई मा वकी, घुम् समशेर
भोज नाव लेता, शत्रू थर थर

चौऱ्यांशी ग्रंथ को, होतो रचियता
वक् चरणमा, विद्वान को माथा

भोज चक्रवर्ती, मालवा को राजा
प्रतिभाकी धनी, मालवाकी प्रजा

असो गुणी राजा, कर वंज्या राज
पोवारी दिलमा, सदा वको राज

चक्रवर्ती राजा, स्मरू तोला अज
नमस्कार मोरो, तोला राजाभोज

**चक्रवर्ती सम्राट राजाभोज की जय**

# ...संपादकीय...

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी हैं और उसने अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समाज का निर्माण किया. ईश्वर प्रदत्त बुद्धिमता की परिणिति ही सामाजिक सम्बन्ध हैं। आज समय के साथ अनेक सामाजिक समुह अस्तित्त्व में हैं । समाज ही संस्कृति का सृजन करता हैं और इसी संस्कृति से समाज नियंत्रित भी होता है. इसीलिए संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन अत्यधिक आवश्यक है. इसी उद्देश्य के लिए क्षत्रिय पोवार/पंवार समाज के सदस्यों ने एक साथ मिलकर अपनी संस्कृति और ऐतिहासिक पहचान की खोज हेतु प्रयास शुरू किये। हमारे पहले भी समाज के सदस्यों के द्वारा ऐसे कई उल्लेखनीय प्रयास किये गए हैं और ये प्रयास इस समूह के लिए प्रेरक मार्गदर्शक हैं। अपने महान पूर्वजों के प्रेरक कार्य और उनकी प्रेरणा समाज कि नई ऊर्जा प्रदान करती हैं और उनकी संस्कृति को हम सहेजकर एवं संवर्धित कर अगली पीढ़ी को सौपेंगे।

कहते हैं कि, कलम कि ताकत किसी समाज कि दशा और दिशा को निर्धारित करने के लिए पर्याप्त हैं। समाज के साहित्यकार और विचारक इसी दिशा में कार्य कर रहे हैं कि वें खुद की संस्कृति और पहचान को अपनी मातृभाषा मायबोली पोवारी में लिख सकें। पोवारी का प्रचार प्रसार भी इसी सांस्कृतिक एवं सामाजिक उत्कर्ष का सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं। पोवारी उत्कर्ष परिवार भी इसी दिशा में निरंतर कार्य कर रहा हैं।

पोवारी उत्कर्ष, पत्रिका का मुख्य उद्देश्य पोवार/पंवार समाज की संस्कृति, इतिहास और समाजोत्थान के लिए लेखकों के विचारों को समाज के समक्ष लेकर आना है। पत्रिका की अधिकांश रचनायें हमारी मायबोली मातृभाषा पोवारी में हैं। पोवारी को विलुप्त होने वाले भाषायी समूह में रखा गया था किन्तु मुझे व्यक्तिगत रूप से ऐसा नहीं लगता। हमारे भाई बहनों ने अपनी रचनाओं को बहुत उत्साह के साथ रचा और इसमें सबसे युवा लेखिका बहन कु. कल्याणी पटले और युवा लेखक चिरंजीव सरोज बिसेन से लेकर वरिष्ठ सदस्य आदरणीय श्री ओ सी पटले जी ने बहुत ही उत्साह के साथ साहित्य का सृजन किया।

हमारे समाज की महिला शक्ति ने साहित्य सृजन और संस्कृति संवर्धन के इस महान अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। सौ. छाया सुरेंद्र पारधी, सौ. शारदा चौधरी, सौ. बिंदु बिसेन, सौ. श्रुती टेंभरे बघेले, सौ.वर्षा पटले रहांगडाले, सौ. वंदना कटरे, सौ. स्वाति कटरे तुरकर, सौ.लता पटले जी ने अपनी कलम से साहित्य और संस्कृति के लिए गद्य और पद्य के माध्यम से पोवारी उत्कर्ष पत्रिका में अपने विचार समाज के सामने रखे हैं। महिला परिवार और समाज की निर्माता हैं तथा यदि वो दृढ़ निश्चय के साथ संस्कृति और अपनी मायबोली पोवारी को बचाने के लिऐ इस तरह अपनी लेखनी को आगे ले जाएगी तो हमारी संस्कृति का संरक्षण और समाज का विकास निश्चित हैं। भविष्य में हम आशा करते हैं की इसी तरह हर क्षेत्र से हमारे समाज की महिला शक्ति सभी सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाऐंगे।

पोवारी उत्कर्ष पत्रिका में श्री डी.पी. राहांगडाले, श्री व्ही. बी.देशमुख, श्री लखनसिंह कटरे , डॉ. शेखराम येळेकर डॉ. विशाल बिसेन ,इंजी. महेन पटले, श्री चिरंजीव बिसेन, श्री राजेश बिसेन, प्रा. डाँ. हरगोविंद टेंभरे, डॉ. प्रल्हाद हरिणखेडे, श्री गुलाब बिसेन, श्री वाय. सी. चौधरी, श्री पालिकचंद बिसने, श्री धनराज भगत, श्री हिरदीलाल ठाकरे, श्री शेषराव येळेकर, श्री मानीकचंद पारधी, श्री रणदीप बिसने जी ने अपनी लेखनी की धार से साहित्य का सृजन किया हैं। इसी साहित्य के माध्यम से हमारी संस्कृति, नेंग दस्तूर, परम्परायें, सामाजिक उत्थान के लिए प्रेरणा प्रदान की हैं।

आमरी मायबोली पोवारी अना देश की राजभाषा हिंदी मा रच्या असो काव्य अना लेख समाज ला नवी दिशा देवन ला पर्याप्त से। कवी को आमरी मायबोली लक लगाव वोका हिरदय की आवाज से न कविता मा यो पिरम शब्द की माला मा गूथ गयी से। निबंध अना लेख मा लेखक को मन को उद्गार एनो पत्रिका मा समाय गयी से। मोरा भाई बहिन न सबदुन मायबोली ला बचावन अना वोको प्रचार प्रसार लाइ आपरी प्रतिबद्धता जाहिर करि सेत। हमरो अतीत को गीत अना मा धर्म को संगीत का साजरा समन्वय यो पत्रिका, पोवारी उत्कर्ष मा आय गयी से।

ये मेरे लिए हर्ष और सौभाग्य की बात हैं की इस पत्रिका के सम्पादकीय लेख के माध्यम से विचारकों के अपनी संस्कृति और अपनी मायबोली मातृभाषा पोवारी के प्रेम को लिखने का अवसर प्राप्त हुआ। आज से ११५ वर्ष शुरू पोवारो के प्रथम संघटना के उदय काल सन १९०५ से आज तक की विकास गाथा के साथ अतीत में पोवारों की उत्पत्ति से लेकर नगरधन वैनगंगा क्षेत्र में बसाव की जीवन गाथा इस प्रथम अंक में मिल जाएगी।

हमारा गौरवशाली अतीत, वर्तमान को बेहतर बनाने की प्रेरणा प्रदान करेगा। हमारे ऐतिहासिक युगपुरुष सम्राट विक्रमादित्य, महाराजा भोजदेव, राजा जगदेव पँवार से लेकर आज तक के सफलतम वयक्तियों की जीवन गाथा समाज को हर क्षेत्र में उन्नति के लिए प्रेरणा प्रदान करेगी। हमारे वंश के महान राजाओं की प्रेरणा को समाज के बीच ले जाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

पत्रिका के लेख हमारे क्षत्रिय धर्म और कर्तव्य के पालन की प्रेरणा देते हैं। साथ ही हमारी मायबोली पोवारी के शब्दकोष के ज्ञान के साथ युवाओं को पोवारी बोली सीखने में मदद होगी। सच मा बड़ी प्यारी अना मीठी से आमरी मायबोली पोवारी। क्षत्रिय पंवार/पोवार समाज की कुलदेवी माय गढ़कालिका से अना हमरो समाज माय को सदाआव्हान करोसे। कुलदेवी को आशीर्वाद रहे त युवा पीढ़ी सब व्यसन लक दूर होय कर समाज को संस्कार का पालन करहेति। पोवारी संस्कृति मा हमरी सनातनी संस्कृति को दर्शन होसे। हमारा पुरखा गिन न आपरो स्थान तो सोडया पर आपरो संस्कार को जतन करिन अना येव जिम्मेदारी आता हमरो ऊपर से।

पोवार इतिहास, साहित्य अना उत्कर्ष नाम से एक छोटे से समूह से जुड़े ये लोग धीरे धीरे अपने पुरखों, बुजर्गो के उस सपने को पूरा करने में लगे हैं जो उन्होंने समाज के उत्थान के लिए देखा था। पोवारी उत्कर्ष पत्रिका की संकल्पना और उसे यथार्थ रूप से साकार करने के लिए मैं हमारे युवा साथी चिरंजीव सोनू भगत का विशेष धन्यवाद करता हूँ साथ ही सभी विचारकों को इस सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान की यात्रा में सहभागी बनने के लिए विशेष रूप से धन्यवाद करता हूँ। अंत में मैं अपने पूर्वजों और आराध्य देवताओं से आह्वान करता हूँ की हम सभी को इतनी शक्ति प्रदान करे कि हम अपनी विशिष्ट पोवारी संस्कृति और पहचान को बनाये रखते हुए राष्ट्र उत्थान में हमेशा तत्पर रहे।

## *सभी का हार्दिक अभिवादन - वंदन -अभिनंदन*

*दि. ०७/११/२०२०*

प्रधान संपादक
**श्री. ऋषि बिसेन**
अध्यक्ष
राष्ट्रीय पोवारी साहित्य,
सामाजिक उत्कर्ष संस्था

***

# संपादकीय...

## पोवारीको गुणगान, पोवारला हर्ष
## पोवारीको साज करे, पोवारी उत्कर्ष

---

पोवार समाजको इतिहास बहुत पुरानो ना बहुत प्रसिद्ध से. वैनगंगा तटीय यव पोवार समाज किसानीला एक परंपरागत व्यवसाय मनुन देख रही से. किसानी संग वला पुरक सहाय्यक व्यवसाय करकन हासीकुशीलका आपल् जींदगीकी उपजीविका करसे. अन्य समाजदुन पोवार समाजन आपली अलगही पयचान बनायीस सेस. पोवार समाजसाती गौरवशाली बात मनजे पोवार समाजकी बोलचाल की बोली पोवारी से. पोवारी बोली पोवार समाजकी धरोहर से. या बोली पोवार समाजक अस्तित्व की पयचान से. पोवारी बोली मधुतरकाको भंडार से, पोवारी विनम्रताको सागर से. पोवारी बोलीका मधूर गीत संस्कार अना नैतिक मूल्ये को भंडाराच से.

यतर् वैशिष्ट्यलका सजीधजी या पोवारी बोली आब संकटमा आय रही से या बहुत दुख की बात से. आधुनिक शिक्षण पध्दतीलका व्यक्ती को, वक् परिवारको ना समाजको उध्दार होसे या बात सही से. तसोच होय रही से पन पढ्या लिख्या ना रोजी रोटीसाती शहरमा आया काही समाजजन पोवारी ला भुलन लग्या. मनजे पोवारी बोली पासून जरासा दूर जान बस्या. काहीजनत् पोवार ना पोवारी कवनला हिचकिचान बस्या. पोवारी नावच बराबर नाहाय यकसाती संघर्ष करन बस्या या बहुत दर्दभरी बात से. मायको नाव जसो रहे तसोच वु सुंदर ना पवित्र रवसे. कोनी कसे नाव मा काजक से? नाव मा बहुत ताकत से, अस्मिता से, पयचान से, आत्मीयता को भावसे.शहरमा पोवारीको दम घुट रही से. आधुनिकताका पुजक पोवारी पासून दूर जानकी कोशिस करसेत उनला मोरो विरोध नाहाय उनकी काही मजबुरी रहे पन पोवारी आत्मीयता पासून दुर नही गये पायजे अशी मोरी कामना से.

अजक् घडीला खेडापाडामा पोवारी हाशीखुशीलका पोवारक् दिलपरा राज कर रही से या बहुत खुशी ना गर्व की बात से.

यन् आधुनिकीकरणक् जमाना मा पोवारसमाजका पढ्या लिख्या टुरु पोटु अना मान्यवर पोवारी बोलीक् उत्कर्ष साती झट रह्या सेती या बहुत अभिमानकी बात से.

दिवारीक् यन शुभ पर्वपर दिवारीको दिवो वकी रोशनाई अंधकारला कम करनकी कोशिस करसे तसोच पोवारी इतिहास साहित्य अना उत्कर्ष समुहको यव पहिलो पोवारीउत्कर्ष दिवारी विशेषांक जनमानस को अंधकार दुर करस्यानी कल्पना, आशा, प्रेरणा ना सृजनकी रोशनी देयकन पोवारीको प्रकाश दिशा दिशा मा जरुर फैलाये असो मोरो विश्वास से.

पोवारी इतिहास साहित्य ना उत्कर्ष समुहद्वारा पोवारी बोली क् प्रचार प्रसार साती, संरक्षण साती ना संवर्धनसाती हर दिवस अलग अलग साप्ताहिक कार्यक्रम रवसेत. यकमा कवितालेखन स्पर्धा, बालगीत स्पर्धा, कथालेखन स्पर्धा, बालकथा स्पर्धा, पोवारी संवादलेखन, पोवारी पत्र लेखन, पोवार समाजका प्रतिभावंत मान्यवरइनको उद्बोधन अना पोवारी संस्कृती सामान्य ज्ञान परीक्षा असा एकदुन एक बढकर कार्यक्रम होसेत. यन् पोवारी कार्यक्रम क् माध्यमलका पोवारसमाजक टुरुपोटुसंग मान्यवरोंकी पोवारी प्रतिभा उजागर होय रही से. आब् लाजरा बुजरा बी पोवारी लिखनसाती ना बोलनसाती कंबर कसकन पोवारी सहयोगसाती सामने आय रह्या सेत या बहुत खुशीकी बात से. सबलाच कविता कथा लिखता आावसे असो नही पन जो पोवारी बोलीक् प्रचार प्रसार साती व्हा व्हा कयकन पोवारक् बालगोपालको उत्साह बढावसेत, कोणतन् कोणत् माध्यमलका पोवारीक् प्रचार प्रसार साती जनमानसमा चर्चा करसेत, यव बी पोवारीसाती मोठो योगदान से. पोवारी क् अस्तित्वसाती, अस्मितासाती मेहनत करनेवालला दिवारीक् पर्वपरा सफलताकी कुंजी जरुर भेटे, असो मोरो विश्वास से.

पोवारी बोली पोवारक अंतकरणमा राज करे पायजे यक संग वा कंठलका वक् वोठपरबी आये पायजे यक् साती पोवारी इतिहास साहित्य ना उत्कर्ष समुहद्वारा पोवारी साहित्यिक ना कलाकार इनला आपली प्रतिभा उजागर करनसाती एक नवो व्यासपीठ देयकन मोठो काम करी सेस.

पोवारी साहित्यमा कविता भारुड, अभंग, ओवी , लावणी, भजन, आरती, श्लोक, गवळण, निबंध, संवाद असा साहित्य प्रकार यन् पोवारी उत्कर्ष अंकला सजावनसाती पोवारी गहना(अलंकार) साबित होय रह्या सेत.

**पोवारी मायको**
**पोवारीमा अंक**
**पोवारी उत्कर्ष**
**बज रहेव शंख**

**पोवारी बोलीको**
**नोको करो त्रागा**
**वोठ संग ठेवो**
**हृदयमा जागा**

**जपकन ठेवो**
**पोवारी अस्मिता**
**आशीर्वाद देये**
**गडकाली माता**

पोवारी इतिहास साहित्य अना उत्कर्ष समुहको यव पोवारी उत्कर्ष दिवारी विशेषांक दिवारीक् दिवोसमान पोवारी आत्मीयता ना पोवारी प्रेम ला जरुर प्रकाशमान करे यव मोरो विश्वास से.
जय गडकालिका
जय राजा भोज

*दि. ०७/११/२०२०*

संपादक
**डॉ. शेखराम परसराम येळेकर**, नागपूर
उपाध्यक्ष
राष्ट्रिय पोवारी, साहित्य,
सामाजिक उत्कर्ष संस्था

***

# ...संपादकीय...

---

पोवारी साहित्य, सामाजिक उत्कर्ष संस्था दिवारी को पावन पर्व पर पोवारी उत्कर्ष अंक ०१ को प्रकाशन कर रही से।क्षत्रिय वंश का आमी पोवार, आमरी मायबोली पोवारी आय। पर आमरो लिखित साहित्य उपलब्ध नोहोतो। जेन समाज को लिखित साहित्य नहीं रव वू समाज कभी भी साहित्य मा सामने नहीं बढ़ सक। मुन पोवारी साहित्य, सामाजिक उत्कर्ष संस्था को साहित्य निर्मिती को लहानसो प्रयास येन संस्था द्वारा करेव जाय रही से। येकोच लहानसो भाग पोवारी उत्कर्ष अंक ०१ मा प्रकाशित करनको प्रयास आमी कर रह्या सेजन। पत्रिका को प्रकाशन साती कार्यकारी मंडल को हर सदस्य न अथक मेहनत करी सेन।

पोवारी साहित्य, सामाजिक उत्कर्ष संस्था की स्थापना २० जानेवारी २०२० ला भई। संस्था को उद्देश्य पोवारी भाषा को जतन करनो, ३६ कुल को पोवारइनकी संस्कृति, पोवारी इतिहास, रितीरिवाज, परंपरा, खानपान, रहनसहन येकी जानकारी संग्रहित करके जतन करनो, पोवार समाज को इतिहास को संशोधन करके ओको प्रचार प्रसार करनो से।विशेष उपक्रम कविता स्पर्धा, बोधकथा स्पर्धा, बालकविता स्पर्धा निबंधलेखन, पत्रलेखन स्पर्धा असा विविध उपक्रम लेनो। उनको संग्रहण ना जतन, डिजिटल माध्यम पर प्रचार प्रसार करनो।

पोवारी उत्कर्ष अंक ०१ मा आमरो समूह का उद्देश्य अना नियमावली देईसे। समाज गौरव, व्यक्तित्व परिचय, आमरो इतिहास , पोवारी कथा, कहानी,कविता अना ज्ञानवर्धक जानकारी देई गई से।

आमरो संस्था का संपादक मंडल अना साहित्यिक को अथक मेहनत लका येव पयलो अंक प्रस्तुत कर रह्या सेजन।विज्ञापन दाताओं न येन प्रकाशन साती विशेष भूमिका निभाई सेन। जिनको जिनको प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष सहकार्य मिलेव उनका आमी सहृदय आभारी सेजन। आशा कर सेजन, पोवारी उत्कर्ष अंक ०१ सबला पसंद आए । अना सबको आशीर्वाद मिले।

*दि. ०७/११/२०२०*

## दिवारी की हार्दिक शुभकामना...!!

संपादक

**- सौ छाया सुरेंद्र पारधी**

उपाध्यक्ष

राष्ट्रिय पोवारी साहित्य,

सामाजिक उत्कर्ष संस्था

***

# नगरधन वैनगंगा क्षेत्र के क्षत्रिय पंवार (पोवार)

ऋषि बिसेन
नागपुर

नगरधन वैनगंगा क्षेत्र के क्षत्रिय पंवार (पोवार) सनातन काल से क्षत्रियों का मूल कर्तव्य शासन व्यवस्था, राष्ट्र और प्रकृति की रक्षा रहा है। क्षत्रिय अपने कर्म से क्षत्रिय बनते थे और क्षत्रिय धर्म के पालन से क्षत्रिय बने रहते थे। गुरु वशिष्ठ की संकल्पना से मानवता की सुरक्षा और पृथ्वी के कल्याण के लिए अग्निकुंड से प्रमार/पँवार क्षत्रियों की उत्पत्ति का इतिहास पौराणिक कथाओं से प्राप्त होता है। इनके वंशजो का देश के कई भागों पर उत्तम शासन एवं न्याय व्यवस्था का काफी इतिहास मिलता है। वैनगंगा क्षेत्र में बसे पंवार (पोवार) वंश भी आबू गढ़ से जन्में प्रमार क्षत्रियों के वंशज हैं। उज्जैन नरेश विक्रमसेन विक्रमादित्य इसी प्रमार वंश के प्रतापी सम्राट हुए थे। मालवा नरेश सम्राट भोजदेव भी, प्रमार वंशीय उज्जैन नरेश विक्रमसेन विक्रमादित्य को अपना पूर्वज मानते थे। महाराजा मुंजदेव अपने वंश को ब्रह्मक्षत्रिय मानते थे। कालांतर में मालवा राजपुताना से क्षत्रियों का विस्थापन देश के कई हिस्सों में हुआ। मध्यभारत और विदर्भ में भी समय समय पर इन क्षत्रियों का आगमन होता रहा। मराठाओं के शासन विस्तार में विभिन्न क्षत्रियों ने अपना सहयोग दिया था। पावन वैनगंगा की घाटियों में मालवा राजपुताना के विभिन्न क्षत्रियों का स्थायी रूप से बसना मराठा शासन के समय तक चलता रहा। भाटों की पोथियों में भी इनका उल्लेख मिलता हैं। उन्होंने लिखा हैं की मालवा से नगरधन और नागपुर होते हुए वैनगंगा क्षेत्र में आज के भंडारा, सिवनी, गोंदिया और बालाघाट जिलों में पंवारों का विस्थापन हुआ।

३६ क्षत्रिय कुलों का पंवार/पोवार के रूप में जाने वाला ये क्षत्रिय संघ, मालवा से आकर माँ वैनगंगा की घाटियों में स्थायी रूप से बसा और ब्रिटिश काल में उन्हें बैहर-परसवाड़ा क्षेत्र में बसने के अवसर मिले। भाटों की पोथियों में उनके मूल स्थान गुजरात से लेकर मालवा राजपुताना के क्षेत्र हैं। ब्रिटिश शासन के जनगणना दस्तावेज और जिलें के लिखे गैज़ेट में यह मिलता हैं की पोंवार मालवा से आये हुए प्रमार वंशीय क्षत्रिय हैं जो सर्वप्रथम नगरधन में रुके थे। पंवारों के द्वारा कटक युद्ध में नागपुर के मराठा शासन में अभूतपूर्व सहयोग के परिणाम स्वरूप उन्हें वैनगंगा के क्षेत्र प्राप्त हुए थे। इसके पूर्व भी मालवा के पंवारों का मध्यभारत पर शासन रहा है। प्रमार वंशीय राजा लक्ष्मणदेव और जगदेव पँवार ने मध्यभारत विदर्भ में आकर शासन किया था। नागपुर और त्रिपुरी से प्राप्तसे प्राप्त अभिलेखों में मध्यभारत/विदर्भ पर मालवा के परमार शासकों के शासन होने की पुष्टि होती है।

सन 1310 तक मालवा पर मुस्लिम शासकों का पूर्णतः अधिकार हो गया था। यह वक्त मालवा की जनता के लिए कठिन वक्त था। इसके बाद मालवा से पंवारों का कई क्षेत्रों में विस्थापन भी हुआ। लेकिन इन क्षत्रियों ने कभी भी मुस्लिम दुराचारियों के सम्मुख आत्मसमर्पण नहीं किया और न ही अपनी संस्कृति या धर्म को छोड़ा। प्रमार वंशीय राजा सनातनी धर्म के संरक्षक और संवर्धक रहे थे, इसीलिए उनके वंशज भी इसी उम्मीद में भटकते रहे, की एक दिन अवश्य सनातनी हिंदुओं का शासन वापस आएगा और उन्हें अपना राज्य वापस मिलेगा। मराठा शक्ति के उदय ने हमारे पूर्वजों को यह विश्वास दिलाया की अब हिंदुत्व की सत्ता देश में वापस हो रही हैं। इसी विश्वास के कारण पंवारों ने हर क्षेत्र में मराठा शासकों का साथ दिया था। इसी तरह उन्होंने मुगलों के विरुद्ध हर संघर्ष में अनेक अन्य राजाओं का भी सहयोग किया था। मालवा के इन क्षत्रियों ने मुगलों के विरुद्ध लड़ने के लिए देवगढ़ के राजगोंड राजवंश का भी सहयोग किया था और उस वक्त कुछ पंवार कुल इन क्षेत्रों में आये थे। भाटों की पोथियों से यह पता चलता हैं की इन्होंने नगरधन और नागपुर के आसपास कई वर्ष बिताये थे।

नगरधन और नागपुर में मालवा से आये 36 क्षत्रिय समूहों को सम्मिलित रूप से पंवार/पोवार संघ/वंश कहा गया। ब्रिटिश शासन के जनगणना दस्तावेज, ब्रिटिश जिला गैज़ेट में इन्हे पोंवार(Ponwar) शब्द से सम्बोधित किया है और उनकी बोली के लिए पोवारी(Ponwari) शब्द का उल्लेख हैं।

ब्रिटिश लेखकों ने लिखा की नागपुर के पंवार राजपूत, मालवा से आये परमार हैं जिन्हे कटक युद्ध में अभूतपूर्व सफलता के बाद वैनगंगा का क्षेत्र प्राप्त हुआ था। इस आधार पर मान सकते हैं की 1775 के आसपास पोवारों की वैनगंगा क्षेत्र में स्थायी रूप से बसाहट हो गयी। ये क्षेत्र उपजाऊ थे और कृषि के लिए उपयुक्त भी थे इसीलिए बड़ी संख्या में मालवा राजपुताना से सपरिवार इन क्षत्रियों का स्थानांतरण हुआ। भाटों की पोथियों में भी हमारे पूर्वजों के लिए अठारवी शदी के आरम्भ से ही मालवा से नगरधन आगमन कि जानकारी मिलती हैं। भाट कुछ कुलों को इससे भी पहले का आये हुए मानते हैं जिस पर शोध हो रहा हैं। पर इतना तो तय हैं की 1750 के आसपास 36 कुल के पंवार/पोवार नगरधन/नागपुर के आसपास आ गए थे। भाट की पोथी में लिखा हैं की नगरधन वैनगंगा क्षेत्र के पंवार, विभिन्न क्षत्रिय वंशियों का संगठन हैं जिसमे अग्निवंशीय, सूर्यवंशीय, चन्द्रवंशिय और यदुवंशीय शामिल हैं।मालवा पर पँवार/परमार वंश का शासन लंबे समय तक रहा है और इस वंश ने सबसे ज्यादा ख्याति प्राप्त की हैं। सम्राट विक्रमादित्य, राजा भृतहरि से लेकर मध्यकालीन प्रमार शासक राजा उपेंद्र, राजा शीयक, राजा मुंजदेव, राजा भोजदेव, राजा उदियादित्य, राजा जगदेव, राजा लक्ष्मणदेव, राजा नरवर्मन देव, महलकदेव आदि शासकों के सर्वश्रेष्ठ शासन ने मालवा के प्रमार/पँवार वंश के नाम की ख्याति पुरे विश्व में फैला दी थी।

सम्भवतया यही वजह रही होगी की इन 36 क्षत्रिय वंश को विदर्भ में संयुक्त रूप में पंवार/पोवार कहा गया। ये 36 कुर/कुल/गोत्र आपस में ही विवाह करते रहे हैं। इनमें से कुछ गोत्र मुस्लिम संत बाबा फरीद को पूजते थे जिनमे रहमत, तुर्क और फरीद हैं। आज के तुरकर यही तुर्क हैं, जिनके कुछ परिवार आज भी बाबा फरीद की हिन्दू रीति रिवाजों से पूजा करते हैं। ब्रिटिश लोक सेवक श्री आर वी रसेल ने अपनी किताब The Tribes and Castes of the Central Provinces of India में पंवारो में शामिल बाबा फरीद के उपासकों इन तीन कुरों का उल्लेख किया है। ब्रिटिश दस्तावेजों में उस समय 36 में से 30 कुलों के वैनगंगा क्षेत्र में होने की बात लिखी हैं। शेष कुल सम्भवतया इन क्षेत्रों में स्थायी रूप से न बसकर मराठों से सैन्य भागीदारी के बाद अपने मूल क्षेत्रों में वापस चले गए होंगे या अन्य कुरों में शामिल हो गए होंगे। परंतु आज भी हम, वैनगंगा क्षेत्र में, "36 कुर के पोवार" कहे जाते हैं। कुछ शोधकर्ता मानते हैं की नगरधन आगमन से पूर्व भी मालवा बुंदेलखंड में ये 36 कुल के पँवार कहीं एक साथ रहे होंगे और उन कुलों के मूल क्षेत्र की बोलिओं के प्रभाव से पँवारी बोली का विकास हुआ होगा। पंवार यही बोली विदर्भ में लेकर आये और यहां भी स्थानीय बोलिओं का इस पर प्रभाव पड़ा। आज यह बोली सभी 36 कुलों के द्वारा बोले जाने वाली पोवारी(पंवारी) कहलाती हैं। आज मालवा राजपुताना छोड़कर आये हुए हमें लगभग 300 वर्ष हो चुके हैं और इतने वर्षों से वैनगंगा क्षेत्र में रहते हुए सभी ३६ कुल एक समान पोवारी संस्कृति की जी रहे हैं। दो महान क्षत्रिय संस्कृति, राजपुताना और मराठी के समन्वय का प्रभाव आज के पंवारों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। उन्नीस्वी शदी तक बालाघाट, गोंदिया, भंडारा, सिवनी के साथ पश्चिमी छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में पंवार स्थायी रूप से बस गए थे। मराठाओं के बाद इन क्षेत्रों पर ब्रिटिश नियंत्रण हो गया था और बालाघाट जिले के उपायुक्त कर्नल ब्लूमफील्ड ने 1870 के आसपास पंवार राजपूतों को बैहर क्षेत्र में बसने के लिए प्रेरित किया तथा सर्वप्रथम श्री लक्ष्मण पंवार परसवाड़ा क्षेत्र में जाकर बसे। इसक बाद बैहर क्षेत्र में पंवारों को कई गाँवो की मुक्कदमी/ जमींदारी दी गयी जो कृषि प्रधान ग्राम थे। बाद में शिक्षा और रोजगार के लिए नई पीढ़ी के लोगों का नागपुर, रायपुर, दुर्ग-भिलाई, भोपाल सहित देश के कई नगरों की ओर विस्थापन हुआ और वे वहीं स्थायी रूप से बस गये।

पर सभी 36 कुलीन पोवारों के मूल माँ वैनगंगा के आंचल में ही हैं। माँ वैनगंगा के आंचल ने मालवा से नगरधन/नागपुर होकर आये इन क्षत्रियों को बसने में बहुत मदद की हैं। सतपुड़ा और वैनगंगा का हराभरा ये क्षेत्र बहुत ही उपजाऊ हैं जिस पर मालवा के इन क्षत्रियों ने शस्त्र को एक किनारे में रखकर हल उठा लिए और कुशल कृषक बन गए। साथ ही मराठा शासन और बाद में ब्रिटिश शासन में भी जागीरदारी/जमींदारी संभालते रहे।आधुनिकीकरण और वैश्वीकरण ने हमारी विशिष्ट पोवारी संस्कृति को भी प्रभावित किया हैं। माँ वैनगंगा के चरणों में पल्लवित और पुष्पित पोवारी संस्कृति और विचारधारा सुदृढ़ और शक्तिशाली हैं और तूफ़ान के थपेड़े भी इसे क्षतिग्रस्त नहीं कर सकते। महाराजा भोज ने चारों धामों के मन्दिरों का पुनुरुद्धार किया था और आक्रांता विदेशियों की सोच को भी रोके रखा और वो हमारे आराध्य ही हैं इसीलिए हम सनातनी संस्कृति के ध्वजवाहक भी हैं। यह हमारा राष्ट्रीय चरित्र हो की हम इस ध्वज की गरिमा को बनाये रखते हुये पोवारी/पंवारी संस्कृति को जीवंत रख अगली पीढ़ी को संवर्धित और सुदृढ़ कर सौपे।

***

ॲड.लखनसिंह कटरे
बोरकन्हार, तह.आमगांव, जि.गोंदिया (विदर्भ-महाराष्ट्र)

# पोवार समाज और सार्वभौम प्रतिभा : एक कटू-वस्तुस्थिती.

पोवार समाज जिनपर हमेशा नाज करता है, वह "मालव चक्रवर्ती सम्राट भोज मध्ययुगीन भारत के इतिहास में सम्राट अशोक तथा विक्रमादित्य के समान महाप्रतापी, सफल विजेता, कुशल शासक, विद्वान, कवी, दानी, धार्मिक, सदाचारी, विद्वानों का आश्रयदाता, ज्ञान-विज्ञान, कला, साहित्य, संस्कृति एवं लोक सुख-समृद्धि हेतु लक्ष्मी का आराधक, न्यायप्रिय तथा प्रजा में अगाध लोकप्रिय अद्वितीय आदर्श राजा हुए है। भोज इतने महान व्यक्तित्व के धनी थे कि उन्हे अनेक उपाधियों से अलंकृत किया गया था। जैसे - महाधिराज परमेश्वर, परम भट्टारक महाधिराज परमेश्वर, मालवमण्डन, सार्वभौम, मालवचक्रवर्ती, अवन्तिनायक, धारेश्वर, निर्वाणनारायण, त्रिभुवननारायण, लोकनारायण, विदर्भराज, अहिराज, अहिंद्र, अभिनवार्जुन, कृष्ण, रणरंगमल्ल, आदित्यप्रताप, चाणक्यमाणिक्य, कविराज आदि करीबन 84 उपाधियाँ, डॉ.श्री.वी.वेंकटाचलम् ने धार स्टेट गजेटियर पृ.107 पर उल्लेखित की हैं। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व.श्री.पं.जवाहरलाल नेहरू ने भी अपनी जग-विख्यात रचना 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' में धाराधिश राजा भोज को मध्ययुगीन भारत का महान राजा निरूपित किया है।

राजा भोज सारे राज्यशास्त्र, 36 आयुधविज्ञान, 72 कलाओं में पारंगत थे।(प्रबंध चिंतामणी, रासमाला)। भोज के विभिन्न कला तथा वैज्ञानिक ज्ञान का पांडित्य उनके द्वारा रचित युक्तिकल्पतरु, समरांगणसूत्रधार, सरस्वती कंठाभरण, श्रृंगारप्रकाश तथा श्रृंगारमंजरीकथा से विशद होता है।... उनके ग्रंथ विविध क्षेत्रों में जैसे - ज्योतिष्य, अलंकार, दर्शन, राजनीति, धर्मशास्त्र, शिल्प, व्याकरण, वैद्यक, कोष, काव्य, सुभाषित पर पायें जातें हैं। प्रभावकचरित के अनुसार भोजकृत शास्त्रों में - भोजव्याकरण, शब्दालंकार शास्त्र, तर्कशास्त्र, चिकित्साशास्त्र, राजसिद्धांत, रसशास्त्र, वास्तुशास्त्र, उदयशास्त्र, अंकशास्त्र, शाकुनकशास्त्र, अध्यात्मशास्त्र, स्वप्नशास्त्र, सामुद्रिकशास्त्र, व्याख्यानशास्त्र, प्रश्नचुडामणि, पूर्वजन्म सु/कुकृत्य अयःशास्त्र, अर्थशास्त्र, अर्थकाण्ड, मेघमाला, इत्यादि थे। कोदण्डकाव्य, भोजप्रबन्ध, श्रृंगारमंजरी कथा के अलावा नाट्यशास्त्र, संगीतशास्त्र पर भी राजा भोज के ग्रंथों का विवरण हैं। "राजा भोज करीबन 1400 विद्वानों के आश्रयदाता थे। कोदण्डकाव्य तथा अज्ञातनामा काव्य में राजा भोज की विद्वत् परिषद की जानकारी हैं। जिसमें विविध विषयों के 500 विद्वान थे। विभिन्न प्रश्न/समस्याओं पर अभिमत, न्यायसंगत, तर्कसंगत निष्कर्ष पाने हेतु इन विद्वानों का मत लिया जाता था। कोई भी नागरिक निर्भिक होकर न्याय का हकदार था। राजा भोज स्वयं भेष बदल कर राज्य में घूमते थे। वर्षभर गोष्ठियाँ, परिसंवाद, संगीत, नाटक राज्याश्रय से चलते थे।

"महाराजा भोज की पत्नी महारानी लीलावती (तथा अन्य पत्नियाँ सत्यवती, मदनमंजरी, भानुमति, पिंगला, सुभद्रा आदि) थी। ... राजा भोज की पत्नी, महारानी लीलावती महान कवयित्री तथा गणितज्ञ थी एवं राजदरबार में महाकवी कालीदास को कई बार शास्त्रार्थ वाद-विवाद में हरा चुकी थी।"

उपरोल्लेखित कथन डॉ. ज्ञानेश्वर टेंभरे जी द्वारा संपादित पुस्तिका "पँवार महाराजा भोज" (द्वितीय संस्करण - 2007) के प्रस्तावना (डॉ. ज्ञानेश्वर टेंभरे) से उद्धृत किया गया है। इस ऐतिहासिक तथ्य तथा वस्तुस्थिति को उद्धृत करने के पीछे मेरा उद्देश्य इस ऐतिहासिकता की पृष्ठभूमि में वर्तमान वस्तुस्थिति को देखना/परखना मात्र है। इस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में हम सभी पोवार बंधू-भगिनी अपने वर्तमान को देख/परख सके, यह भी मेरे इस (संक्षिप्त) उद्देश्य में सामिल है।

मेरे द्वारा यहाँ प्रस्तुत हमारे पोवार समाज का वर्तमान तथ्य तथा वर्तमान वस्तुस्थिति यदि कटु लगे, तो मै क्षमा चाहूँगा। लेकिन इस मुद्दे पर इष्टानिष्ट विचार अवश्य हो, यह मेरी पोवार समाज से प्रार्थना रहेगी। राजा भोज एवं उनकी सुविद्य पत्नी महारानी लीलावती दोनो भी प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के धनी थे। महाराजा भोज ने करीबन सभी महत्वपूर्ण विषयों पर अपने प्रतिभा की छाप छोड़कर पचास से भी अधिक (84) विद्वत्तापूर्ण ग्रंथो की रचना की।

महारानी लीलावती ने भी अपनी प्रतिभा की छाप इतिहास में दर्ज करायी है। दोनों पती-पत्नी इस तरह महत्तम प्रतिभा के धनी होने की मिसाल शायद बहुतही कम मिलेगी। तब मेरे मन में एक प्रश्न उठता है कि, ऐसी मिसालें "बहुतही कम" क्यों है? इसके पीछे कोई कारण यदि हैं, तो वह क्या है? इन जैसे प्रश्नों पर जब मै अपनी अल्पबुद्धि से सोचता हूँ, तब हमारे पोवार समाज के वर्तमान वस्तुस्थिति को परिभाषित करने का मुझे मोह होने लगता है। वैसे तो मै लगभग 1980 से झाडीबोली और पोवारीबोली इन दोनो बोलियों की महत्ता जानकर उनकी मुव्हमेंट से जुड़ा हूँ। लेकिन शायद मेरी नोकरी की/में अत्यधिक व्यस्तता (प्रशासनिक, व्यवस्थापकिय, न्यायिकवत/Quasi-Judicial, प्रशिक्षणात्मक) की वजह से मै निवृत्तीतक इसमें अपना अधिक समय तथा योगदान देने में असमर्थ रहा हूँ। पर फरवरी-2013 मे निवृत्त होने के बाद मै इन दोनों बोलियों तथा समाज के मुव्हमेंट्स से मै पूरी सिद्दत से जुड़ने का भरसक प्रयास कर रहा हूँ। तब मेरा प्राथमिक निरीक्षण यह रहा कि हम राजा भोज की जयंती हरवर्ष अवश्य मनाते हैं और खासकर महाराष्ट्र तथा मध्यप्रदेश के करीबन हर एक पोवार-बाहुल्य गाँवों तथा शहरों में भी यह जयंती धूमधाम से भी मनायी जाती हैं। किंतु (जहाँ तक मेरी जानकारी है) इन जयंती समारोहों में राजा भोज की विभिन्न सार्वभौमिक प्रतिभाओं पर सम्यक् प्रकाश डालने की कृति नगण्य, सूक्ष्मतम से भी सूक्ष्मतम पायी/निभाई जाती हैं। यह वस्तुस्थिति क्या दर्शाती है? प्रश्न है? और उत्तर हमें ढूंढना है, मेरे विचार से "ढूंढना ही पड़ेगा!" मै अपना निजी अनुभव कथन करूँ तो कहना चाहूँगा कि, हमारे पोवार समाज में प्रतिभा की एक सर्वोत्तम विधा साहित्य एवं काव्य में रुचि एवं हस्ती(!) रखनेवाले व्यक्तियों (स्त्री/पुरुषों)की कभी कोई कमी नही रही। लेकिन इन प्रतिभाशाली व्यक्तियों को कुटुंब, परिवार, रिश्तेदारों, तथा समाज में भी निराश, नकारात्मक, अवहेलना या तटस्थता के दृष्टिकोण से ही देखा जाता हैं। ऐसे व्यक्ति की असाधारण प्रतिभा/क्षमता का सही "आकलन" करना हमारे उपरोल्लेखित किसी भी घटकों की "परिधि" में शायद नही आता। जबकि ऐसा व्यक्ति समाज का भूषण होता/होती है, यह इतिहास ने राजा भोज और महारानी लीलावती के उदाहरणों द्वारा सुस्पष्ट कर दिया है। ऐसे व्यक्ति स्वाभाविक रूप से ही सर्वसाधारण व्यक्ति से भिन्न प्रवृत्ति तथा प्रकृति के इंसान होते है, उनकी तुलना हम अन्य सर्वसाधारण तथा व्यावहारिक रुप से सफलतम व्यक्ति से भी नही कर सकतें। लेकिन ऐसा ही होता है, वे प्रतिभाशाली व्यक्ति अल्पसंख्यक होने से उनकी सही कद्र नहीं हो पाती। अक्सर देखा जाता है कि उन्हें कुटुंब, परिवार, रिश्तेदार, समाज से साधारणतया दुत्कार तथा दुर्लक्ष या गलतफहमी तथा अवहेलना का ही पुरस्कार(?) दिया जाता है। राजा भोज की जयंती समारोहों में ऐसे व्यक्तियों को बहुतही कम बुलाया जाता है, तथा बुलाया गया तो भी उन्हें कोई सुनना नहीं चाहते। जबकि राजनीति से संलग्न व्यक्ति की घिसीपीटी और महत्वहीन (तथा कभी-कभी मूर्खतापूर्ण?) बाते प्रेक्षक/श्रोताओं द्वारा बड़े "रस" से सुनी जाती है। यहाँ तक की ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंचही नही मेंबर भी ऐसे मंचों से घंटो उदबोधन (?????) करते पाए जाते हैं।

अल्पसंख्यक प्रतिभाशाली व्यक्ति यदि राजा भोज की सार्वभौमिक प्रतिभा को वर्तमान जगत की पृष्ठभूमि में भी स्पष्ट करना चाहें, तो भी प्रेक्षक/श्रोता उंघने लगते है, बोर होने लगते हैं, आपस में आपसी-चर्चा करने लगते है। यह वर्तमान वस्तुस्थिति का कटु ही सही, पर वास्तविक स्वरुप है। शायद इसलिए हम पोवार भाई-बहन महाराजा भोज और महारानी लीलावती को सही दृष्टि से और सही मायने में अभीतक समझ ही नहीं पाएं है। हम अभी भी सम्यक्, शाश्वत और सर्वांगीण प्रगति की प्राथमिक पायदानों पर ही विचर रहें हैं। (जबकि हमारे समाज की क्षमता कई ज्यादा है।) यह बिडंबना है, लेकिन जहाँ तक मेरी जानकारी है, यही कटु-वस्तुस्थिति है। अतः पोवार (सभी धड़े) समाज और समाज-संगठनों के मूर्धन्यों से मेरी प्रार्थना है कि, हम भोज जयंती को राजनीतिक या कोई प्रज्ञाहीन कार्यक्रम या सिर्फ भोजनशाला न बनाकर महाराजा भोज की ही तरह गोष्ठियाँ, परिसंवाद, संगीत, नाटक, साहित्य, काव्य, आदि कलाओं का उत्कृष्ट संगम-समारोह बनाकर पेश करनेकी कृपा करें। यदि यह अव्यापारेषु व्यापार या छोटा मुँह बड़ी बात लगे तो अग्रिम क्षमाप्रार्थी हूँ।

***

डॉ.पुनम विवेक राणा
(इतिहास अभयासक) अमरावती

# हमारा पौराणिक इतिहास

किसी भी समाज के गौरवशाली इतिहास को जानने के लिए, हमे समाज के महापुरूषोंके विषय मे जानना आवश्यक होता है। अंग्रेजो एवं मुगलों के शासन के पूर्व हमारा पोंवार समाज समृद्ध था। हिंदु जीवन पद्धती को अंगिकार करनेवाली हमारी संतती समस्त विश्व का मार्गदर्शन करती थी। अंग्रेजो तथा मुगलो नेहमारी संस्कृती को नष्ट करने के कई प्रयास किए। मुगलोंने हमारी आस्था को क्षति पहुचाँयी तथा अंग्रेजोने हमे मानसिक गुलाम बनाया। जो आज तक चला आ रहा है। मुस्लीम शासक तथा अंग्रजोने हमारे गौरवशाली इतिहास के सही जानकारी वाले पृष्ठ की गायब कर दिए है। इसी के चलते वर्तमान समाज मे पाश्चात्य संस्कृति के प्रति आकर्षण तथा स्वयं के भाषा, संस्कृती तथा धार्मिकता के विषय मे हिनता का भाव दिखाई पड़ता हैं। पोंवार समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली है। महाप्रतापी, महान, विद्वान, प्रजावत्सल साहसी और वीर राजाओ से हमारा इतिहास समृद्ध तथा गौरवशाली हुआ है। पोंवार राजाओ को ही 'परमार' या 'प्रमार' कहाँ जाता था। परमार अग्निवंशीय क्षत्रिय राजपूत कहलाँते है। परमारोंका साम्राज्य 8 वी शताब्दी से 14 वी शताब्दी तक बुलंद था। वर्तमान समाज के आचार-विचार, धार्मिक जीवन, सांस्कृतीक जीवन को समझने के लिए हमें अपने अतीत को जानना अत्यंत आवश्यक है। यह ठिक वैसे है जैसे हम चलचित्र मे भूतकाल की घटनाओंको देखते है।

परमार राजवंश की उत्पत्ती के बारे भारतीय तथा विदेशी इतिहासकारों ने अलग-अलग सिद्धांत प्रतिपादीत किएँ है। कुछ इतिहासकारो का मानना है की परमारों की उत्पत्ती आबू पर्वत पर ऋषी वशिष्ठ ने अग्नीकुंड से की थी। इसका प्रमाण हमें परमार शासक सिन्धुराज के कवि 'पद्मगुप्त' की पुस्तक 'नवसाहसांकचरित' मे वर्णित कथा से मिलता है। कर्नल जेम्स टॉड तथा कई इतिहासकार मानते है की राजपूतोंकी उत्पती शक, कुषाण तथा सिंथीयन जतियोंके संमिश्रण से हुई है। अब प्रश्न यह है की क्या परमार प्रथम पुरूष अग्नीकुंड से उत्पन्न हुए थे? अग्नीकुंड सिद्धांत से पूर्व क्या परमारो का अस्तित्व नही था? अगर था तो वो कौन थे? परमारोंको क्षत्रीय तथा राजपुत क्यों कहाँ जाता हैं? क्या क्षत्रिय तथा राजपूत एक ही है? इन सभी प्रश्नो के उत्तर हमे वेदो तथा पौराणिक ग्रंथों से मिलते है। इन्ही प्रश्नो पर इस लेख मे प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है।

**क्षत्रिय तथा राजपूत :**

वैदीक संस्कृती मे 'भारतवर्ष' का समाज चार वर्णो पर आधारीत था। इन वर्णो मे से एक 'क्षत्रिय' वर्ण था। क्षत्रिय वर्ण का कार्य देश का शासन तथा प्रजा का शत्रुओं से रक्षा करना था। शौर्य, तेज, धृति (धैर्य), दाक्ष्य (दक्षता) दान, युध्द से पलायन न करना तथा ईश्वरभाव यह क्षत्रिय के कर्म थे। वैदिक काल से बौद्ध काल तक क्षत्रिय 'सूर्यवंशी' या 'चंद्रवंशी' कहलाते थे। मध्ययुग के शुरूआत मे क्षत्रियोंका वर्णन 'राजपूत' इस शब्द से होने लगा। 11 वी शताब्दी के संस्कृत शिलालेखो मे क्षत्रियो के लिए 'राजपूत' शब्द का प्रयोग दिखायी पड़ता है। वैदिक काल मे व्यक्ती अपने कर्मो से क्षत्रिय कहलाता था ना की अनुवांशिकता से। इस काल मे क्षत्रियता किसी जाती विशेष से संबंधीत नही थी परंतु मध्ययुगीन काल मे 'राजपूत' शब्द यह क्षत्रीयों की अनुवांशिकता दर्शाता था। 'राजपुत' का मतलब ही राजा के वंशज था। संक्षेप मे राजपूत यह क्षत्रियोंका उपसमूह था। सभी राजपूत क्षत्रिय थे परंतू सभी क्षत्रिय राजपूत नही थे।

**सूर्यवंशी तथा चंद्रवंशी क्षत्रिय:**

प्राचीन भारतीय वेद, पुराण, श्रुती, स्मृती तथा आदी पौराणिक ग्रंथो से भारतीय वंशावली का पता चलता है। जब संसार मे मानवो की उत्क्रांती हुई तब अफ्रिका तथा दक्षिण भारत के कई हिस्से जल मे डूबे थे। जब जलस्तर घटने लगा तब जंगल और जंगली जानवरों का विस्तार हुआ। वैज्ञानिक शोध तथा पुरातत्व स्त्रोतो से यह पता चला है, की हिमयुग के पश्चात मनुष्य व अन्य जीवजंतू का वास्तव्य हिमालय की आसपास की भूमी पर था। प्राचीन भारतीय ग्रंथानुसार संपूर्ण मानव जाती ब्रम्हा जी की संतान है। ब्रम्हा जी की पत्नीयोंका नाम सवित्री तथा गायत्री था। ब्रम्हाजी के पुत्रो का नाम 1) अत्रि 2) अंगिरस 3) भृगू 4) कंदर्भ 5) वसिष्ठ 6) दक्ष 7) स्वायंभुवमन 8) कृतू 9) पुलह 10) पुलस्य 11) नारद 12) चित्रगुप्त 13) मरिचि 14) सनक 15) सनंदन 16) सनातन तथा सनतकुमार था। इन पुत्रो मे से स्वायंभुव मनु समस्तः मानव जाति के प्रथम संदेशवाहक थे। उनकी पत्नी का नाम शतरूपा था। उन्हे प्रियवत तथा उत्तानपाद नामक दो पुत्र एवं देवहुति, आकृति और प्रसूति नामक तीन पुत्रियाँ थी। स्वायंभुव मनु ने ही 'मनुस्मृती' की रचना की थी। जो मूल रूप मे आज प्राप्त नही है और कालचक्रानुसार जिसका अनर्थ ही होता रहा है। आश्रम व्यवस्थानुसार महाराज मनु, अपनी पत्नी शतरूपा के साथ संन्यासाश्रम मे प्रवेश कर नैमिषारण्य चले गए उनके पश्चात उनका राज्य जेष्ठ पुत्र प्रियव्रत ने संभाला। प्रियव्रत के पश्चात उनके पुत्र आग्निंध्र 'जम्बूव्दीप' के अधिपती बने। वैदीक काल मे मिस्त्र, सौदी अरब, ईरान, इराक, ईस्त्राईल, कजाकिस्तान, रूस, मंगोलिया, चीन, बर्मा, इंडोनेशिया, मालेशिया, जावा, सुमात्रा, भारतवर्ष, बांग्लादेश, नेपाल, भुटान, पाकिस्तान तथा अफगाणिस्तान के संपूर्ण खंड को 'जम्बूव्दीप' कहाँ जाता था। आगे चलकर आंग्नींध्र के नौ पुत्र जम्बू व्दिप के नौ खंडो के स्वामी बने। उनके नाम 1) इलावृत्त वर्ष 2) भद्राश्व वर्ष 3) केतुमल वर्ष 4) हिरण्यवर्ष वर्ष 5)रम्यकवर्ष 6) हरिवर्ष 7) किंपुरूष वर्ष 8) कुरूवर्ष 9) नाभिवर्ष थे। इन्ही के नाम पर उनके राज्य अर्थात नौ खंडो का नाम विदीत हुआ। नाभिवर्ष के पुत्र ऋषभ तथा ऋषभ के पुत्र भरत (बाहुबली) हुए। भरत का राज्य ही नाभिखंड तथा 'भारतवर्ष' के नाम से प्रचलित हुआ।

जम्बूव्दीप के 'सुमेरू' पर्वत पर ब्रम्हा पुत्र 'मरिचि' का निवास था। मरिची एक विद्वान पुरूष थे। मरिची की तीन पत्नियाँ सभूति, कला तथा उर्णा थी। मरिची तथा कला के पुत्र का नाम 'कश्यप' था। मरिचीने ही भृगू ऋषी को दंडनीती की शिक्षा दी थी। पुराणानुसार मरिचीपुत्र कश्यप ही सभी सूर और असूर जाति के मूलपुरूष थे। ऋषी कश्यप की पत्नियों से ही अनेक वंश की निर्मीती हुई है। ऋषी कश्यप के पत्नियोंके नाम दिती, अदिती, दनु, काष्ठा, अरिष्टा, सुरसा, इला, मुनि, क्रोधवशा, ताम्रा, सुरभि, तिमी, विनीता, कद्रु पतांगी तथा यामिनी था। पुराणोंके अनुसार अदिती ने 12 श्रेष्ठ गणोंको जन्म दिया जिनका नाम विवस्वान, वरूण, धाता, अर्यमा, भग, मित्र, इंद्र, त्वष्ठा, पूजा,

सविता, विधाता, तथा त्रिविक्रम था। अदिती के पुत्रो को 'देव' कहाँ गया। तथा वे 'देवमाता' बनी। देवो के राजा 'इंद्र' बने। इनका राज्य तिबेट तथा हिमालय के क्षेत्र मे था, ना की पृथ्वी से उपर कही आसमान मे। दिती के पुत्र 'असूर' कहलाएं इनके ही कुल मे राजा 'बलि' का जन्म हुआ था। अदितीपुत्र वैवस्वान से ही 'वैवस्वत मनु' का जन्म हुआ। सभी धार्मिक ग्रंथानुसार इस काल मे जलप्रलय की बात की गयी है। जलप्रलय के बाद वैवस्वत मनुने ही 'त्रिविष्टप' अर्थात तिब्बत या देवलोक से ही प्रथम पिढी के मानवोंका अवतरण किया था। इनकी नौका गौरी-शंकर (माऊंट एवरेस्ट) पर्वत पर स्थित की गयी थी। अंग्रेजी फिल्म 2012 मे भी कुछ इसी तरह की घटनाओंका चित्रीकरण दिखाया गया था। पृथ्वीपर जैसे जलस्तर घटता गया इनकी संतानोने नए प्रदेश मे स्थलांतर किया। उन्होने फिरसे नए राज्यो का निर्माण किया जिनके नाम ब्रम्हावर्त देश, ब्रम्हर्षीदेश, मध्यदेश, आर्यावर्त तथा 'भारत' था। वैवस्वत नमु के 10 पुत्र थे। जिनका नाम 1) इल 2) इक्ष्वाकु 3) कुशनाम 4) अरिष्ट 5) धृष्ट 6) नरिष्यूंत 7) करूष 8) महाबलि 9) शर्याति तथा 10) पृषध था। यही लोग स्थलांतरण के समय वेद साथ लेकर आये थें। आगे चलकर 'इक्ष्वाकु' के वंश मे जैन तिर्थंकरो, महान राजाओ, साधु तथा महात्माओंका जन्म हुआ। इस वंश को ही 'सूर्यवंशीय क्षत्रीय' कहाँ गया। इसी सूर्यवंश मे राजा रघु, राजा हरिश्चंद्र, सगर, माधांता, प्रभुश्रीराम तथा लव-कुश आदि का जन्म हुआ। यह वंश बौध्द काल तक चलता रहा।

मत्स्य पुराणानुसार ब्रम्हापुत्र 'अत्रि' तथा अत्रि पुत्र का नाम 'चंद्रमा' था। चंद्रमा का विवाह बृहस्पती कन्या तारा से हुआ था। 'तारा' और 'चंद्रमा' का पुत्र बुध था। बुधपुत्र का नाम पुरूरवा को शतपथ ब्राम्हण ग्रंथ मे 'ऐल' भी कहाँ गया है। पुरूरवा के पाच पुत्र थे। जिनके नाम आयु, वनायु, शतायु धीमंत तथा अमावसु थे। अमावसु ने कान्यकुब्ज नामक नगर का निर्माण किया जिसे अब 'कन्नौज' कहा जाता है। पुरूरवा के प्रथम पुत्र आयु की पत्नी का नाम प्रभा था। आयु और प्रभा को नहुष, क्षत्रवृत्त, बृदशर्मा, राजभ, रजि तथा अनेना नामक छः पुत्र हुए। नहुष राजा बनके पश्चात उनका विवाह विरजा से हुआ। इस दंपती को यति, ययाति, संयाति, वियाति, अयाति और कृति नामक छः पुत्र हुए। बडे पुत्र यति ने संन्यास ले लीया । उनके दुसरे पुत्र ययाति ने फिर राजपाट संभाला। ययाति की दो पत्नियाँ थी जिनका नाम देवयानि तथा शर्मिष्ठा था। ययाति के पॉंच पुत्र हुए 1) पुरू 2) यदु 3) तुर्वसु 4) अनु और 5) द्रुहु आज से 9200 वर्षों पूर्व ययाति के इन पुत्रो का संपूर्ण धरती पर राज्य था। इसी से एशिया की जातियोंका जन्म हुआ बायबल के याकूब और ययाति की कहानी काफी मिलती है। आगे चलकर यदु से यादव वंश, पुरू से पौरव वंश, तुर्वसू से यवन वंश, अनुसे म्लेंच्छ वंश तथा द्रुहु से भोजवंश स्थापित हुआ। इन्होने सप्तसिंधू के प्रदेश मे राज्य किया। इन्हे वेदो मे पंचनंद भी कहाँ गया। इन सभी राजाओंको चंद्रवंशीय कहाँ गया। चंद्रवंशीय प्रतापी राजाओंके वंश तथा नाम

1) पुरू वंश – भरत, सुदास, शांतनु, भीष्म, अर्जुन, अभिमन्यू, तथा परिक्षित (पौरस राजा)

2) यदु वंश – श्रीकृष्ण, नल, हैहय, महिष्मान, भद्रसेन (यादव राजा)

3) तुर्वसू वंश – भानुमान, जिभानु, करंधम, मरूत, दुष्यंत (यवन राजा)

4) अनु वंश – कैकेय, मद्र, संभानर, कालानल, संजय, पुरंजय, जन्मेजय, महाशाल, उशीनर, तितिक्षु, शिवी, मद्रक, सुकीर, वृषादक (आनव वंश)

5) द्रुहू – बभ्रु, सेतू, आरब्ध, गांधार, धर्म, धृत, दुर्मना तथा प्रचेता के 100 पुत्र

महाभारत तथा प्राचीन ग्रंथोसे यह सिध्द होता है की चंद्रवशीय राजाओंने यहुदी, यवन और म्लेंच्छो का वंश चलाया। इन्ही वंशोमे से आगे चलकर 'ईसाई' तथा 'इस्लाम' धर्म की स्थापना हुई। यह वंश भी बौध्द काल तक चला।

अग्निवंश :

सूर्यवंशीय तथा चंद्रवंशीय क्षत्रियोंके वंशज बौध्द काल तक विस्तृत होते गए। इ.स. पूर्व 6 शताब्दी मे वैदिक धर्म पूर्णतया ब्राम्हणोंके नियंत्रण मे आ चुका था। कर्मकाण्ड बहुत बढ़ चुके थे। इक्ष्वाकूवंशीय राजा शुध्दोधन के पुत्र गौतमने इसके विरूध्द बगावत कर नए 'बौध्द धर्म' की स्थापना की। धीरे धीरे सभी सूर्यवंशी तथा चंद्रवंशी राजा बौध्द धर्मावलंबी बनने लगे। इसके चलते क्षत्रीयोंकी सभी वैदिक परम्पराएँ नष्ट होने लगी। ब्राम्हणोंने फिर चिढ़कर क्षत्रीयोंको 'शूद्र' की संज्ञा दे दी। अब समाज मे वैदिक धर्म की रक्षा का प्रश्न उपस्थित हुआ। ऐसे मे फिर ब्राम्हणोंके एक समूह मे क्षत्रियोंको फिरसे वैदिक धर्म मे लाने का अथक प्रयास शुरू कर दिया। परिणामतः आबू पर्वत पर यज्ञ का आयोजन किया गया इस यज्ञ मे चार बलशाली राजवंश के पुरूषो को हिंदू धर्म मे फिरसे दिक्षीत किया गया। यह चार बलशाली पुरूषोने चालुक्य चौहान, परमार तथा प्रतिहार वंश चलाया। अग्निवंश की इस घटना का वर्णन आबू पर्वत स्थित 'अचलेश्वर महादेव मंदीर' के लेखमे किया गया है। इसी लेख मे चंद्रवंशीय तथा सूर्यवंशीय राजाओंका पूर्णतः अस्त होने की बात भी नमूद है। चार अग्निवंशीय पुरूषोंके वैदिक धर्म स्विकृती के बाद अधिकतर क्षत्रिय बौध्द धर्मावलंबी थे। इन बौध्दधर्मीय क्षत्रियोंसे अलग पहचान हेतू दिक्षीत पुरूष तथा उनके वंशनो को 'राजपुत' नाम से संबोधीत किया गया। 'राजपूत' का मतलब वे 'क्षत्रिय पुरूष' जो 'वैदिक धर्म' के राजवंश के प्रमुख अधिकारी है। भाट लिखीत वंशावली मे अग्निवंशीय क्षत्रियोंका इतिहास तथा वंशावली अग्नीकुंड घटना से ही लिखा जाता है। विक्रम संवत 1287 को शिलालेख आबू पर्वत पर स्थित है। इस शिलालेखानुसार प्रमार या परमार प्रथम पुरूष का नाम 'धूमराज' था। परमार क्षत्रिय वंश के 36 कुलों मे से एक है। उदयपूर प्रशस्ति, पिंगल सूत्रवृत्ति तथा तेजपाल अभिलेख मे परमारो को 'ब्राम्ह क्षत्रकुलीन' भी कहाँ गया है। परमारो की अनेक शाखाएँ थी परंतु मालवा के परमार शक्तीशाली तथा चक्रवर्ती सम्राट बने। इ.स. पूर्व 8 वी शताब्दी मे महान चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य परमार हुए। भविष्य पुराणानुसार अनके पुत्र 'शालिनीवाहन' थे। कालातंरानुसार प्रथम परमार राजा कृष्णराज उर्फ उपेंद्र इन्होने राज्य किया। परमारराजा सियुक, वाक्पतिराज, राजा भोज, राजा मुंज, सिंधुराज यह बडे विद्‌वान तथा प्रजावत्सल राजा थे। इन राजाओंकी विद्‌वत्ता तथा वीरता का इतिहास तत्कालीन अभिलेख तथा साहित्य मे नमूद है। परमार राजाओं का इतिहास पद्मगुप्त रचित 'नवसाहसांकचरित', मेरूतंग रचित जैन ग्रंथ 'प्रबंध चिंतामणी', अबुल फजल रचीत 'आईन-ए-अकबरी' से पता चलता है। परमार वंश के कई अभिलेख भी प्राप्त किए गए है। इनमे प्रमुख सीयक व्दितीयका 'हसौल अभिलेख' (इ.स. 948), वाकपति मुंज का 'उज्जैन अभिलेख' (इस. 980), राजा भोज के 'बांसवाडा' तथा 'बेतवा अभिलेख', उदयादित्य के समय की 'उदयपुर प्रशस्ति' तथा लक्ष्मणदेव की 'नागपूर-प्रशस्ति' अभिलेख आदि का समावेश होता है। इन साहित्य तथा पुरातात्वीक अभिलेखो से हमे अपना गौरवशाली इतिहास पता चलता है। भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक तथा साहित्यीक संपदा मे परमार राजाओंका

अतुलनीय योगदान रहा है। हम भी उन्हीके वंशज है। वर्तमान समाज मे हमारा भी यह दायीत्व बनता है की, हम अपनी मातृभूमी पर अपार श्रध्दा रखे और अपनी भाषा, संस्कृती तथा परंपरा के प्रति सम्मान रखे। दुनियाकी अनेक संस्कृतियां समय के साथ विलुप्त हो गई, परंतु हमारा हिंदु धर्म तथा विकसीत संस्कृती के प्रमाण आज भी पुरे विश्व भर मे पाएँ जाते है। हमारे वेद, पुराण तथा प्राचीन ग्रंथ कोई दंतकथाएँ नही। यह हमारा प्राचीन इतिहास है। कालचक्र के चलते इनमे कई गलत और कुत्सित बाते घुसेड दी गयी। अगर हम चाहे तो पुनः अपना प्राचीन गौरव प्राप्त कर सकते है। स्वतंत्रता के उपरांत हमे पुनश्चः अपने गौरवशाली इतिहास की कडीयोंको अपने सकारात्मक दृष्टीकोण से जानने का मौका मिला। परम आदरणीय प्रा. श्री ओ. सी. पटले जैसे इतिहासकारोंने हमे हमारी वास्तविक पहचान से अवगत कराया है। अब यह हमारा दायीत्व है की उनकी विचार धारा तथा समाजकार्य को हम आगे बढ़ाएँ तथा पोवार समाज के कार्य तथा उत्कर्ष मे योगदान दे।

सूर्यवंशी तथा चंद्रवंशी क्षत्रियः

प्राचीन भारतीय वेद, पुराण, श्रुती, स्मृती तथा आदी पौराणिक ग्रंथो से भारतीय वंशावली का पता चलता है। जब संसार मे मानवो की उत्क्रांती हुई तब अफ्रिका तथा दक्षिण भारत के कई हिस्से जल मे डूबे थे। जब जलस्तर घटने लगा तब जंगल और जंगली जानवरों का विस्तार हुआ। वैज्ञानिक शोध तथा पुरातत्व स्त्रोतो से यह पता चला है, की हिमयुग के पश्चात मनुष्य व अन्य जीवजंतू का वास्तव्य हिमालय की आसपास की भूमी पर था। प्राचीन भारतीय ग्रंथानुसार संपूर्ण मानव जाती ब्रम्हा जी की संतान है। ब्रम्हा जी की पत्नीयोंका नाम सवित्री तथा गायत्री था। ब्रम्हाजी के पुत्रो का नाम 1) अत्रि 2) अंगिरस 3) भृगु 4) कंदर्भ 5) वसिष्ठ 6) दक्ष 7) स्वायंभुवमन 8) कृतू 9) पुलह 10) पुलस्य 11) नारद 12) चित्रगुप्त 13) मरिचि 14) सनक 15) सनंदन 16) सनातन तथा सनतकुमार था। इन पुत्रो मे से स्वायंभुव मनु समस्तः मानव जाति के प्रथम संदेशवाहक थे। उनकी पत्नी का नाम शतरूपा था। उन्हे प्रियवत तथा उत्तानपाद नामक दो पुत्र एवं देवहुति, आकृति और प्रसूति नामक तीन पुत्रियाँ थी। स्वायंभुव मनु ने ही 'मनुस्मृती' की रचना की थी। जो मूल रूप मे आज प्राप्त नही है और कालचक्रानुसार जिसका अनर्थ ही होता रहा है। आश्रम व्यवस्थानुसार महाराज मनु, अपनी पत्नी शतरूपा के साथ संन्यासाश्रम मे प्रवेश कर नैमिषारण्य चले गए उनके पश्चात उनका राज्य जेष्ठ पुत्र प्रियव्रत ने संभाला। प्रियव्रत के पश्चात उनके पुत्र आग्निंध्र 'जम्बूव्दीप' के अधिपती बने। वैदीक काल मे मिस्त्र, सौदी अरब, ईरान, इराक, ईस्त्राईल, कजाकिस्तान, रूस, मंगोलिया, चीन, बर्मा, इंडोनेशिया, मालेशिया, जावा, सुमात्रा, भारतवर्ष, बांग्लादेश, नेपाल, भुटान, पाकिस्तान तथा अफगाणिस्तान के संपूर्ण खंड को 'जम्बूव्दीप' कहाँ जाता था। आगे चलकर आंग्नींध्र के नौ पुत्र जम्बू व्दिप के नौ खंडो के स्वामी बने। उनके नाम 1) इलावृत्त वर्ष 2) भद्राश्व वर्ष 3) केतुमल वर्ष 4) हिरण्यवर्ष वर्ष 5)रम्यकवर्ष 6) हरिवर्ष 7) किंपुरूष वर्ष 8) कुरूवर्ष 9) नाभिवर्ष थे। इन्ही के नाम पर उनके राज्य अर्थात नौ खंडो का नाम विदीत हुआ। नाभिवर्ष के पुत्र ऋषभ तथा ऋषभ के पुत्र भरत (बाहुबली) हुए। भरत का राज्य ही नाभिखंड तथा 'भारतवर्ष' के नाम से प्रचलित हुआ।

- उन्होंने संस्कृत भाषा प्रचारिणी सभा नागपुरम द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में प्रावीण्यता प्राप्त की ।
- रमन साइंस सेन्टर नागपुर द्वारा आयोजित साइंस क्विज कांटेस्ट में उन्होंने तीसरा स्थान प्राप्त किया था ।
- उन्होंने मुम्बई साइंस टीचर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित डॉक्टर होमी भाभा बाल वैज्ञानिक कॉम्पिटिशन भी पास की ।
- उन्होंने इंटरनॅशनल मैथमेटिक्स ओलिंपियाड में भाग लिया व उसमे इंटरनेशनल रैंक 524 व 1571 प्राप्त किया ।
- उन्होंने नेशनल साइंस ओलिंपियाड में भाग लेकर इंटरनॅशनल 997 वी रैंक प्राप्त की ।

और इनके अलावा अन्य करीब 16 शालेय विभिन्न पारितोषक प्रमाणपत्र प्राप्त किये ।

# !! वैज्ञानिक मानिकलाल पटेल !!

प्रस्तुती : सोनू भगत, अर्जुनी त. तिरोडा. जि. गोंदिया

श्री मानिकलाल पटेल (पिताजी - टेकचंद पटेल) :
आपका जन्म सन १९४० में ग्राम सोनेगाव, तह. कटंगी, जिला बालाघाट में एक मालगुजार कृषक परिवार में हूआ था। आपकी प्राथमिक शिक्षा ग्राम खैरलांजी, कटंगी (मामाजी के घर) से कक्षा चौथी तक हूयी। ५वी से १२वी तक की शिक्षा आपके काकाजी के सानिध्य मे मल्टिपरपज गव्हरमेंट स्कुल दुर्ग से हूयी। बाद में आपने सिव्हिल इंजिनिअरिंग में डिप्लोमा, किरोडीमल गव्हरमेंट पॉलिटेक्निक रायगढ से किया। रविशंकर युनिव्हर्सिटी रायपुर से आपने वर्ष १९६७ मे B.E., metallurgical engineering प्रथम श्रेणी से किया.

वर्ष १९६७ से १९७२ तक आपने REC(NIT) राउरकेला, ओड़िसा में कनिष्ठ व्याखाता के रुप मे कार्य किया। वर्ष १९७२ से १९७८ तक आप कॉलेज ऑफ मिल्ट्री इंजीनिरिंग, पुणे में सिनियर साइंटिफिक ऑफिसर (grade 2nd, class 1st gazzeted) के पद पर सेवा दे चुके हैं . वर्ष १९७८ से १९८३ तक आप defence metallurgical research laboratory, kanchanbagh, hyderabad में senior scientific officer (grade 2nd) पद पर सेवा दे चुके हैं. वर्ष १९८३ में आपने पुणे युनिव्हर्सिटी से metallurgical engineering मे M.E. किया.

डिफेंस मेटलर्जिकल रिसर्च लॅब (DMRL, DRDO) कंचनबाग, हैदराबाद मेँ आप वर्ष १९८३ से २००० तक अनेक पदों पर देश के लिए सेवा दे चुके हैं. आप वर्ष २००० में director-II/scientist 'F' के पद से सेवानिवृत्त हूये हैं . आप DRDO के अनेक मिशन में भारत के पुर्व राष्ट्पति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के साथ कार्य कर चुके हैं, जैसे वर्ष १९८३ से १९८९ तक "नाग मिसाईल प्रोजेक्ट" के लिए सहयोग करना आदि.

१९९३ - १९९६ तक आपने TIFAC + NFTDC + DRML के संयुक्त प्रोजेक्ट प्रोग्राम में division head magnets & leader के पद पर कार्य किया है।

*TIFAC (Technology information forecasting & assessment council) under deptt of science & technology gov. Of india
*NFTDC (Nonferrous material technology development center hyderabad)
*DRML (Defence metallurgical research laboratory hyderabad)

आपने कोललंपुर (मलेशिया), हनोई (वियतनाम), सिंगापुर में इंडो एशियन को-ऑपरेशन सायंस & टेक्नोलॉजी में वर्ष १९९६ से २००० co- ordinator in advance materiel में भारत का प्रतिनिधित्व किया था साथ ही अन्य अनुसंधान संस्थाओं से संवाद एवं संयुक्त रुप से अनुसंधान भी कर चुके हैं जिनमें निम्नलिखित रिसर्च सेंटर शामिल हैं.

१) bhabha atomic research center mumbai
२) indian space research organization trivendram
३) osmania university hyderabad
४) DEAL deharadun

५) BHEL bangalore
६) meter factory jaipur
७) satya sai pretisthan putta parthy
७) TIFAC delhi
८) NFTDC hyderabad
९) ARC hyderabad
आप वर्ष १९९३ से २००० तक मॅग्नेटिक सोसायटी ऑफ इंडिया के सेक्रेटरी रह चुके हैं. यहां रहते हुए आपने विभिन्न जगह, विभिन्न मॅग्नेटिक मटेरियल्स पर seminars आयोजित कर चुके हैं । उपरोक्त सेमिनार
* भोपाल: in collabration with RRL bhopal in 1993
* हैदराबाद: at DMRL 1989
* जयपुर : in collaboration with MREC (NIT) jaipur 1997
* पुणे : jointly with institute of engineer & MSI 1996

आपने DRDO में सेवा देते हूये विभिन्न मिशन, प्रोजेक्ट, और अनुसंधान किये हैं. आप पावरफुल Rare Earth मॅग्नेट का आविष्कार करने वाले भारत के प्रथम व्यक्ति है वही जापान, अमेरिका के बाद विश्व मे आप तृतीय है जिन्होने पावरफुल मॅग्नेट पर अविष्कार कर उसकी विधि विकसित की है। वर्ष २००० मे आप सेवानिवृत्त हूये और बाद मे आपकों मल्टिनॅशनल कंपनियो के साथ काम करने के लिए अनेक अवसर आये लेकिन आपने अपने पैकृत गांव आकर खेती करने का फैसला लिया। सेवानिवृत्त होने के पहले आपको डॉ. ए. पी. जे अब्दुल कलाम द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुडी माहिती संकलन की जिम्मेदारी मिली। आपने वह जिम्मेदारी पुर्ण कर आप अपने पैकृत गांव सोनेगाव आकर खेती करना प्रांरभ किया. आप खेती के साथ पशुपालन भी करते हैं और इस कार्य मे आपकी धर्मपत्नी का भी विशेष सहयोग आपको मिलता है। आप हमेशा कहते है की "वृक्ष कितना भी बडा क्यु न हो जाये उसे जड़ो के साथ ही रहना चाहिए तभी उसका अस्तित्व टिका रहता है।" राष्ट्रीय सेवा क्षेत्र में आपको अनेक बार सन्मानित किया गया है लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा की वजह से वह जानकारी आप किसी से साझा नही कर सकते। आपका जीवन आदर्शों और प्रेरणाओं से भरा पडा है, बस हमे आपके आदर्शों को समाज तक पहूंचाने की जरुरत है। आप समाज की प्रेरणा हैं और संपुर्ण समाज को आप पर गर्व है। हम आपके दिर्घायु एवं अच्छे स्स्वास्थ्य की कामना करते है।

# रायबहादुर श्री टुंडीलाल पंवार

**प्रस्तुती : सोनू भगत, अर्जुनी त. तिरोडा. जि. गोंदिया**

लगभग ५. ६ फिट उंचा छरहरा कद सांवला रंग, चौडा माथा, नुकिली उंची नाक, सिना ताने चुस्त तथा सौम्य प्रभावशाली व्यक्तित्व था स्व. श्री टुंडीलाल साहाब का। आपका जन्म १ जुलाई १८७७ को ग्राम दोंदीवाडा, जिल सिवनी मे हूआ था तथा जीवन की अत्यंत्य उंचाई प्राप्त करने के बाद आपकी मृत्यु १५ जनवरी १९६० को बालाघाट मे हूयी।

आपके पिताजी श्री ओखाजी पटेल, साधारण कृषक थे। आपकी प्रारंभिक शिक्षा ग्राम दोंदीवाडा मे हूयी। मिशन हायस्कुल, शिवनी से मॅट्रिक की परीक्षा मे आप प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए. तद्पश्च्यात रॉबर्टसन कॉलेज, जबलपुर से इंटरमिजिएट में प्रथम श्रेणी के साथ संस्थान में उनका द्वितीय स्थान रहा। उनकी प्रथम आने की चाहत थी और हिस्लाप कॉलेज, नागपुर से बी. ए. की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर ही संतोष किया । बी. ए. मे उनके विषय अंग्रेजी, गणित, भौतिकशास्त्र और संस्कृत थे।

कला स्नातक होने के बावजुद कृषि विभाग की शासकीय सेवा मे आप नागपुर में फार्म सुप्रिटेंडेंट के पद पर नियुक्त हूये। कुछ दिन तेंदला दुर्ग मे केनाल कलेक्टर भी रहे। वे पुन: कृषी विभाग मे आये एवं पदोन्नती पाते हूये सन १९३० मे "डिप्टी डायरेक्टर ऑफ एग्रिकल्चर छत्तीसगढ़ डिविजन, मप्र. के पद पर सेवामुक्त हूये। आपने लगभग ३० वर्षो तक शासकीय सेवा की तथा मृत्युपर्यंत आप पेन्सन पाते रहे। आपको वर्ष १९२६ मे ब्रिटिश शासन द्वारा "रायबहादुर" की सन्माननीय उपाधी से सम्मानित किया गया। आपको रायबहादुर की उपाधी क्यु मिली? इसका प्रमुख कारण आपकी शासन के प्रति तथा अपने देश के प्रति इमानदारी पूर्वक कार्य किया. आपका उत्कृष्ठ चरित्र अनेक आदर्शों से भरा पड़ा है। आप अपने विद्यार्थी जीवन में अपने हाथों से ५ रोटियां बनाते, ३ रोटियां दोपहर को एवं २ रोटियां रात को खाते थे। आप चाय और दुध नही लेते थे।

मितव्यक्तिता और धन का समुचित उपयोग आपके आदर्श थे । आप अपने चौथाई वेतन से परिवार का खर्चा चलाते थे। शेष वेतन बैंक खाते मे जमा करते थे। आप दोंदीवाडा के साधारण कृषक परिवार में जन्में थे और बाद मे स्वंय की कमाई से कई संपत्तियाँ अर्जित की। आपने ग्राम खैरलांजी, टेकाडी, तथा देबठाना की मालगुजारी खरिदी। बालाघाट मे बंगले खरिदे एवं बनवाये। आपने आधी पेन्सन सरकार को बेच दी और ग्राम टेकाडी खरिदा। शेष आधी पेन्सन आजीवन लेते रहे। आपका कहना था की "सही चीज का सही उपयोग करो" आप कठोर अनुशासन प्रिय इमानदार प्रशासक थे। आपके उत्कृष्ठ शौक पढना, घुमना, बागवानी, कृषि एवं शिकार थे। आपको चाय, तंबाखु, सिगारेट, का कोई व्यसन नही था। दोपहर को आप कभी सोते नही थे। यद्यपी आप आधा घंटा आराम जरूर कर लेते थे। आप मृत्युपर्यंत काम मे लगे रहे। आप अक्सर कहते थे "जितना काम करोगे उतना अधिक जिओगे"

उन दिनो रायबहादुर के समकक्ष व्यक्तियो के प्रमाण पत्र पर अनेको का भाग्योदय होता था। रायबहादुर टूंडिलाल इतने कडे थे की अपात्र को कभी प्रमाणपत्र नही देते थे। चाहे वह उनका निकट संबंधी क्यु न हो...

ऐसे कुशाग्र बुद्धी, कुशल प्रशासक, इमानदार, सादगीपुर्ण, मितव्ययी, नियमबद्ध कठोर चरित्रवान व्यक्ती ने समाज और राष्ट्र को अपनी बहूमुल्य सेवाये अर्पित की।

आपके काकाजी लखाराम पंवार से उन्हे शिक्षा की प्रेरणा मिली। लखाराम पंवार पटवारी थे और बाद मे रिव्येन्यु इन्सपेक्टर बने। वे पंवार समाज के प्रथम शासकिय सेवक थे। तथा उनके भतिजे टूंडिलाल पंवार प्रथम स्नातक थे। श्री यदूराजसिंह तुरकर एंव रामकुमार तुरकर आपके पुत्र है।

**संदर्भ :** भोज पत्र, स्मरण ग्रंथ १९८६. संपादक स्व. श्री पन्नालाल बिसेन

***

# श्री नामदेवजी पारधी

प्रस्तुती : सोनू भगत, अर्जुनी त. तिरोडा. जि. गोंदिया

अथक परिश्रम अना संघर्ष सफलता की चाबी से, वर्तमान मा आमरो पोवार समाज मा असा आदर्श प्रेरणास्त्रोत सेती जिनन् ग्रामिण क्षेत्र मा जन्म लेयस्यानी असुविधा वालो क्षेत्र मा भी अथक परिश्रम लका समाज तथा पैकृत गाव मा एक आदर्श स्थापित करी सेन असा आमरा विनम्र इन्सुलेशन, दाहेज का मालिक श्री नामदेव अनंतरामजी पारधी इनको जन्म एक कृषक सामान्य परिवार मा ८ अगस्त १९७८ मा गाव कवलेवाडा तह. तिरोडा जिला गोंदिया मा भयोव। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गाव को सरकारी माध्यमिक शाळा मा लका भयी, १० वी को बाद मा शिक्षन की सुविधा गाव मा नही रहेव्ह लका उनन् १२ कीमी दुर केसलेवाडा लका आपली पायाभुत शिक्षा ग्रहण करीन। वय प्रती दिवस शिक्षा साती १२ कीमी सायकल लका आवनो जावनो करत होता। वन घडी मा घर की आर्थिक परिस्थिती नाजुक होती, वय घर को मोठो बेटा होता म्हणुन उन परा घर की भी जिम्मेदारी होती। १२ वी पर्यंत शिक्षा ग्रहण करस्यानी घर की आर्थिक परिस्थितीला ध्यान मा ठेयस्यानी कर्नाटक राज्य मा कामगार म्हणुन नौकरी करन चली गया, वन बेरा उनकी उमर १६ साल होती। कर्नाटक मा ३ महिना काम करस्यानी वय गाव वापिस आया अना आपलो जिवन की पहली कमाई उनन् आपलो माता पिता को चरन मा अर्पित कर देईन।

वर्ष १९९७ मा महाराष्ट्र को रायगढ जिला को रेवदंडा औद्योगिक क्षेत्र मा खंडेलवाल इंश्युलेशन कंपनी प्रा. लिमिटेड मा स्टोर कीपर की नौकरी उनला भेटी, उनकी उम्र कोमल होती म्हवुन वय फक्त स्टोर को काम संभालत होता। वर्ष १९९८ पासुन उनन् २००३ पर्यंत उनन् वनच कंपनी मा काम करिन बाद मा उनकी पोस्टिंग सुपरवाईजर यन पद पर भयी। यन कालावधी मा उनन् तिरोडा को सि. जे. पटेल कॉलेज मा लका बि. ए. भी पुर्ण करीन। वर्ष २००३ खंडेलवाल इन्सुलेशन कंपनी ला गुजरात को दहेज औद्योगिक क्षेत्र की मोठी कंपनी "बिरला कॉपर लिमिटेड" मा कंत्राट भेटेव, यन कंपनी साईट पर कंपनी द्वारा नामदेवजी पारधी इनको प्रमोशन भयोव अना उनला बिरला कॉपर साईट को साईट इंचार्ज बनायेव गयोव। तब पासुन तिरोडा, गोरेगाव, तुमसर, गोंदिया, बालाघाट क्षेत्र का हजारो पोवार समाज को लोकईन ला उनन् आपको कार्यक्षेत्र मा रोजगार देवाईन; विषेश बात या की वन् हजारो कामगारईन मा बहूसंख्य ग्रामिन गरिब पोवार होता। काही कालावधी वय कामगार वहान अकुशल कामगार पासुन कुशल कामगार बनस्यानी अरब देशईन मा नौकरी करन जात होता जेको लका कामगार वर्ग ला मोठी तनख्वा भेट। वर्ष २००३ पासुन २०१० पर्यंत उनको कार्यक्षेत्र मा काम करनेवाला गोंदिया, भंडारा, बालाघाट जिला का कामगारईन की संख्या दस हजार पेक्षा जास्त से। वहान लका लगभग ७ हजार लोक अरब देश मा नौकरी कर चुक्या सेती अना आब भी वय अरब देशईन मा नौकरी कर रह्या सेती। विदेश जायस्यानी कमावन को मार्ग तिरोडा क्षेत्र ला पंचमभाऊ बिसेन इनन् देखाईन तथा वोला बढावा नामदेवजी पारधी इनन् देईन। वर्ष २०११ मा श्री नामदेवजी पारधी इनन् खंडेलवाल इंन्सुलेशन कंपनी प्रा. लिमिटेड ला आपलो राजिनामा सौपिन अना उनन् "विनम्र इन्सुलेशन" कंपनी की स्थापना करीन। सुरवात मा उनला अनेक कठिनाई को सामना करनो पडेव तरिपन उनन् मंग नही देखीन, रात ला दिन करस्यानी उनन् विनम्र इन्सुलेशन ला उभारिन। यन वर्ष विनम्र इंश्युलेशन ९ वर्ष की भय गयी वर्तमान स्थिती मा वहान सेकडो कामगार काम कर सह्या सेती जहान बहूसंख्य ग्रामिन पोवारजनच् सेती। तसोच उनको ऑफिस स्टाफ की संख्या २५ से जहान लका २२ पोवार सेती। दुनिया मा विनम्र इंश्युलेशन दहेज ता. वागरा जिला भरुच गुजरात, या एकमात्र कंपनी से जहान का कामगारईन की प्रतिदिन उपयोग की भाषा पोवारीच् से। तसोच उनको स्टाफ मा मुख्य भाषा हिंदी अना गुजराती उपयोग होसे लेकिन आमरी मायबोली पोवारी भाषा को उपयोग वहान हर दिन होयेच् यव निश्चित से। विनम्र इंश्युलेशन का मालिक श्री नामदेवजी पारधी आपलो स्टाफ ला जब प्रेरित कर सेती त पोवारी भाषा माच् बोल सेती। उनको असो माननो से की मातृभाषा मा संवाद करेव लका आपलोपन को अहसास होसे अना कर्मचारी तथा कामगार ला भी काम करनो मा रुची पैदा होसे। अना दुसरो फायदा यव की जेला गुजराती सिखनो से वोला पयले पोवारी आवनो जरुरी से। जेला पोवारी भाषा आवसे वय लवकरच गुजराती भाषा सिख जासेती असो नामदेवजी पारधी इनको माननो से। विनम्र इन्सुलेशन मा काम करने वाला काही बंगाली तथा बिहार का कामगार भी पोवारईन संग रह्यस्यानी पोवारी सिख गया सेती अना वय समय समय पर पोवारी मा संवाद भी कर सेती। तसोच नामदेवजी पारधी को परिवार मा सब पोवारी मा संवाद कर सेती। उनको १० वर्ष को बेटा विवेक इंग्लिश मिडियम स्कुल मा सिख से तरी भी वू घर मा मायबोली पोवारी माच् संवाद कर से। विनम्र इन्सुलेशन आता दहेज औद्योगिक क्षेत्र की इंश्युलेशन क्षेत्र मा अग्रणी कंपनी बनन जाय रही से। १५ मल्टिनॅशनल कंपनिईनमा बतौर कॉन्ट्रॅक्टर काम कर रही से। कंपनी को सफलता को श्रेय नामदेवजी पारधी आपलो कर्मचारीईनला देत आया सेती, उनको माननो से जेन कंपनी मा बहूसंख्य पोवार काम कर सेती वा कंपनी दिन दुगनी रात चौगुनी तरक्की करसे।

नामदेवजी पारधी सादगी अना स्वाभीमान लका जिवन व्यतित करत आया सेती, उनको पोवार समाज को प्रती बहूत लगाव से। तसोच दहेज गाव जेकी जनसंख्या १५००० से वहान उनकी प्रतिष्ठा, मान, सन्मान बहूत ज्यादा से। वय पाच भाषाईन मा निपुन सेती। (पोवारी, मराठी, हिंदी, गुजराती, इंग्लिश) एक सामान्य परिवार मा जन्म लेयस्यानी श्री नामदेवजी पारधी न समाज मा एक आदर्श उदाहरण स्थापित करी सेन्। उनको संघर्षमय जिवन पोवार समाज को युवाईन साती च् नही त् समस्त युवाईन साती प्रेरणा से।

***

# वैज्ञानिक डॉ. योगी पारधी

प्रस्तुती : सोनू भगत, अर्जुनी त. तिरोडा. जि. गोंदिया

हमारा ग्रामीण समाज प्रतिभाओ का धनी है, ग्रामीण युवाओं को सही मार्गदर्शन एवं दिशा मिले तो वह आसमान छू लेते है। यह लेख उस व्यक्ति का जीवन परिचय है जिसने ग्रामीण क्षेत्र एवं क्षत्रिय पोवार समाज को प्रतिष्ठा एवं सम्मान दिलाया है। गोंदिया जिले के तिरोडा तहसील के ग्राम ठानेगाव के उन्नत कृषक परिवार में श्री उरकुडाजी पारधी के घर १ अगस्त १९८० को श्री योगी पारधी जी का जन्म हूआ। ४ भाई बहनो मे योगीजी मंझले भाई हैं. उनके परिवार का प्रमुख व्यवसाय खेती एंव पशुपालन था इसलिए योगीजी को बचपन से ही कृषि कार्यो में रुचि एवं उनका सहयोग रहा। वे शनिवार एवं रविवार की छुट्टियों में घर की गाय चराने हेतू खेतों में ले जाया करते थे तथा बारिश के दिनों में खेती मे सहयोग भी करते थे।

श्री योगी पारधी जी की प्राथमिक शिक्षा, छत्रपती दुबे प्राथमिक शाला तिरोडा से प्रारंभ हूई एवं बाद मे उन्होने ५वी कक्षा से शहिद मिश्रा हायस्कुल तिरोडा से १०वी तक अपनी शिक्षा पुर्ण की। वें ठानेगाव से तिरोडा तक १६ किलोमीटर प्रतिदिन राज्य परिवहन की बस और सायकल से आना-जाना किया करते थे। ११वी और १२वी की पढाई के लिए उन्होने समर्थ ज्युनियर सायंस कॉलेज लाखनी से शिक्षा प्रारंभ की एवं स्कूली शिक्षा पुर्ण होने के बाद उन्होनें वर्ष २००२ में रामटेक के कवि कुलगुरु इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी & सायंस कॉलेज से BE मैकेनिकल इंजिनियरिंग से पुर्ण किया। उन्होने IIT रुडकी (उत्तराखंड) से वर्ष २००५ में Industrial Metallurgy से M. Tech किया। अपने Masters पाठ्यक्रम के दौरान उन्हे जर्मनी के Technical University of Munich से एक वर्ष की अवधी के लिए DAAD (German Academic Exchange Service) स्कॉलरशिप से सन्मानित किया गया था। वर्ष २०१० मे ब्रिटेन के University of Birmingham से उन्होने Metallurgy & Materials Science से PhD किया। उनके डॉक्टरेट शोध के दौरान Universities UK द्वारा प्रतिष्ठित ORSAS फेलोशिप से सन्मानित किया गया था. वर्ष २०१३ में वे ख्यातीप्राप्त Rolls Royce कंपनी से जुड गये और Advance Manufacturing Engineer के पद पर कंपनी के लिए अपनी सेवा देने लगे। वर्ष २०१४ में उन्हें प्रमोशन मिला और उनकी पदस्थापना Principal Manufacturing Engineer के पद पर हुयी. वर्ष २०१६ में उनकी पदोन्नति Staff Manufacturing Engineer पद पर हुयी. उन्हे वर्ष २०१९ मे rolls Royce द्वारा दिया जाने वाला सर्वश्रेष्ठ Sir Henrry Royce award for Technology and Innovation in Manufacturing सन्मान से सन्मानित किया गया| यह सन्मान उन्हें 3D Printing अथवा Additive Manufacturing के क्षेत्र मे अत्युत्तम योगदान के लिए दिया गया। डॉ. योगी पारधी "Metallurgy- Advances in Materials and Procesess" किताब के संपादक है। उनके वर्तमान आविष्कार उपरोक्त प्रकार पेटेंट उनके नाम पर दर्ज है।

• manufacturing method & post- processing treatment. US2018221955A1; EP3357605A
• Heat treatment after ALM of gamma- strengthened nickel based supperalloy component. US2018361478A1; EP 3415253A
• Crack reduction for additive layer manufacturing. US2019366438A1; EP 3575018A1
• Method of manufacture US2019255617A1; EP3530759A2; EP3530759A3; GB2571280A
• Method of manufacturing a component. GB2570723A; US2019240783A1
• Heat treatment method. US2018361475A1; EP3403748A1
• Nickel base superalloy and use thereof. US2018073106A1; EP3293276A1; EP3293276B. उनके तीन आविष्करों के पेटेंट अभी दर्ज होना बाकी है. फिलहाल उनका प्रकाशन के लिए पंजियन हेतू भेजे गये है। अप्रैल २०१९ मे उन्होने Rolls Royce से त्यागपत्र देकर दिया और विश्व ख्यातीप्राप्त Sulzer कंपनी मे Global Lead-Additive Manufacturing के पद पर पदस्थ हुए. वर्तमान में वे Sulzer कम्पनी में कार्यरत हैं.

डॉ. योगी पारधी, कृषक परिवार से हैं लेकिन ऐसे पिता के पुत्र है जिन्होंने कृषी क्षेत्र में आधुनिक परिवर्तनों को स्वीकार की और जैविक खेती प्रांरभ की जिसके लिए उन्हे राज्यपाल द्वारा 1982 मे पुरस्कार प्रदान किया गया. साथ ही उन्होंने विचारक्रांति परिवर्तन के लिए गायत्री शक्तिपीठ की स्थापना आचार्य श्रीराम शर्मा के आदर्शों को प्राप्त करने हेतु की। उन्होंने जनमानस में अच्छे

संस्कारो को प्रस्थापित करने हेतु अविरत व बहुमूल्य योगदान दिया साथ ही आदर्श सामूहिक एवं कम खर्चे वाली वैदिक विवाह पध्दति को प्रचारित भी किया। श्री योगी पारधी भी गायत्री परिवार के सदस्य है और विदेश में रहकर भी भारतीय संस्कारो का पालन करते है व ध्यान, यज्ञ आदि नियमित रूप से करते हैं . उनके पिता श्री उरकुडाजी पारधी जी के द्वारा अपने बाड़े में ही गायत्री मंदिर का निर्माण कर परिसर में पवित्र वातावरण का निर्माण कर लिया है। उस पवित्र वातावरण के संस्कार एवं कठिन अनुशासन में ही श्री योगीजी की परवरिश हुई है। और उन्होंने भी एक आदर्श पुत्र के अपने उत्तरदायित्व पूर्ण किये है।

# डॉ. शिल्पक अंबुले, पोवार समाज मे प्रथम IFS Officer

**प्रस्तुती : सोनू भगत, अर्जुनी त. तिरोडा. जि. गोंदिया**

---

डॉ. शिल्पक अंबूले : आपका पैतृक गांव चुल्हाड तह. तुमसर जिला भंडारा है। आपका जन्म १३/०७/१९७७ को पुणे में हूआ था। आपके पिताजी स्व. श्री नामदेवजी अंबूले, अभियंता पदस्थापना पुणे में होने की वजह से आपका बचपन पुणे में बीता।

आपकी प्राथमिक शिक्षा अभिनव विद्यालय, पुणे तथा माध्यमिक शिक्षा फरग्युशन कॉलेज, पुणे से हूयी। आपने B. J. Medical collage से MBBS की शिक्षा ली। आपने MBBS के पहले वर्ष की परीक्षा में विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान अर्जित किया। MBBS द्वितीय वर्ष में आपने विश्वविद्यालय से द्वितीय स्थान अर्जित किया। फॉर्म्याकॉलॉजी एवं मायक्रोबॉयोलॉजी में आपने महाविद्यालय मे प्रथम स्थान प्राप्त किया था। आप तीसरे वर्ष भी MBBS कोर्स की परिक्षा मे प्रथम आये थे। नेशनल टॅलेंट सर्च परिक्षा मे आप संपुर्ण महाराष्ट्र से १०वे स्थान पर थे। वही आप १२वी की विज्ञान परिक्षा मे संपुर्ण महाराष्ट्र मे ८वे क्रमांक तथा विज्ञान शाखा मे ४थे क्रमांक पर थे।

आंतरमहाविद्यालय राज्यस्तर पर एड्स क्विज स्पर्धा मे आप वर्ष १९९९ मे महाराष्ट्र से द्वितीय स्थान पर थे। आपने MBBS की शिक्षा ग्रहण करने के बाद MD के लिए प्रवेश लिया।

इसी दौरान आपको UPSC की परिक्षा देने की रुची पैदा हूयी। आपने UPSC की परिक्षा की तैयारी के लिए कोई कोचिंग इंस्टिट्युट मे दाखिला नही लिया। आपने UPSC की पुर्ण तैयारी घर से ही की। वर्ष २००२ की UPSC की परिक्षा में पहली ही कोशिस मे यश संपादित कर महाराष्ट्र से पहले रैंक तथा भारत मे २३वी रैंक रही है। आपका चयन IFS(Indian Foreign Service) में हूआ। वर्तमान मे आप विदेशमंत्री श्री एस. जयशंकर के सचिव है।

आप माता पिता के एकलौते पुत्र होने से आपके यश संपादन से माता पिता का सपना पुरा हो गया। आपके पिता इंजिनिअर तथा माता डॉक्टर थी. आपके उत्कृष्ठ यश संपादन से पुणे तथा महाराष्ट्र के अखबारो मे वर्ष २००२ मे आपने अनेक इंटरव्ह्यु दिये है। आप पोवार समाज के ही नही तो अपितू महाराष्ट्र के भी गौरव है। आपका अनेक जगह पर सत्कार भी हूआ लेकिन आपके जीवन का सबसे अनमोल सत्कार आपके पैतृक गाव चुल्हाड मे तत्कालीन सरपंच के द्वारा हूआ जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को विशेष प्रेरणा प्राप्त हुयी. आप हमारे समाज के युवाओ के लिए प्रेरणा है, अवश्य ही आपका उत्कृष्ठ यश संपादन समाज के लिए गौरव स्वरुप है।

# डॉ विशाल बिसेन – एक व्यक्तिमत्व

प्रस्तुती : सोनू भगत, अर्जुनी त. तिरोडा. जि. गोंदिया

डॉ. विशाल बिसेन एक बहुआयामी व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की डिग्री प्रबंधन विज्ञान से ली है। उनके पास 25 साल से अधिक का पेशेवर अनुभव है।वह श्री जियालाल लाखनलाल बिसेन (देवसर्रा, तुमसर, जिला- भंडारा) के सुपुत्र हैं। उनके जीवनसाथी का नाम सपना बिसेन, जो श्री गजानन प्रथ्वीराज कटरे (तिरखेड़ी) की सुपुत्री है। उनका वर्तमान मुकाम सी.बी.डी. बेलापुर, नई मुंबई है । डॉ. विशाल बिसेन ने अपनी शिक्षा (भंडारा, गडचिरोली, औरंगाबाद) नागपुर एवं औरंगाबाद विद्यापीठ  से पूर्ण की । श्री विशाल बिसेन जी ने 2 वर्ष तक विभिन्न कंपनियों के लिए काम किया है। उन्होंने 2006 में सरकारी नौकरी छोड़ दी और वरिष्ठ प्रबंधन स्तर पर निजी कंपनी में शामिल हो गए। मुंबई में एक लॉजिस्टिक कंपनी के सीईओ / निर्देशक के रूपमें सफलतापूर्वक सेवा देने के बाद, उन्होंने 2014 में अपना खुद का व्यवसाय शुरू किया। उन्होंने पूरे भारत में 1000 से अधिक परिवारों के लिए रोजगार उपलब्द्ध कराया है। वर्तमान में वह सामवेदा ग्रुप और लैंडमार्क सी.एफ.एस प्राइवेट लिमिटेड के मालिक / संस्थापक और प्रबंध निर्देशक हैं। "सामवेदा ग्रुप" संपूर्ण लोजिस्टिक सेवाओं, सीएफएस / आईसीडी / डिपो प्रबंधन और कंटेनर मरम्मत की सुविधा, अकादमी,  प्रशिक्षण और विकास (प्रस्तावित) "एक्जिम, लोजिस्टिक और सप्लाई चेन प्रबंधन" के क्षेत्र में लगी हुई है और न्वाव्हाशेवा( जेएनपीटी), मुंद्रा, हजीरा, पीपावाव, विषाखापट्टनम पोर्ट में शाखाएं हैं और सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई में प्रधान कार्यालय है ।

लैंडमार्क सी.एफ.एस प्राइवेट लिमिटेड जून,2017 से  मुंदरा- कच्छ, गुजरात में "कंटेनर फ्रेट स्टेशन" है।  उन्हें भारत के उत्कृष्ट व्यावसायिक उपलब्धि और प्रेरणादायक सामाजिक योगदान के लिए "उत्कृष्टता पुरस्कार – 2019 (Man of Excellence Award) " दिनांक 14 जून, 2019 को भारत अंतराष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन नई दिल्ली में सम्मानित किया गया । उन्हें गुजरात स्टार अवार्ड के द्वारा दिसम्बर - 2018 में "डायनेमिक लॉजिस्टिक्स प्रोफेशनल ऑफ द ईयर – 2018 अवार्ड, गुजरात जंक्शन द्वारा मार्च- 2018 में "डायनामिक शिपिंग एवं लॉजिस्टिक्स प्रोफेशनल ऑफ द ईयर - 2017 अवार्ड", "इंडिया 5000" बेस्ट एमएसएमई अवार्ड्स "2017 में क्वालीटी एवं कस्टमर सैटिस्फैक्शन में उत्कृष्टता के लिए" सम्मानित किया गया है. रामोजी फिल्म सिटी, हैदराबाद में 25 सितंबर, 2016 को लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन सेक्टर में पेशेवर उत्कृष्टता के लिए अंतराष्ट्रीय  स्तर का "इंडीवुड मैरीटाइम एक्सीलेंस अवार्ड" से भी सम्मानित किया गया है। ।
हाल ही में उन्होंने “पोवारी इतिहास साहित्य अना उत्कर्ष" समुह के माध्यम से समाजोत्थान कार्यक्रम के तहत समाज के अग्रणी तथा सफल व्यक्तियों का आनलाइन चर्चा, कार्यक्रम की शुरुआत की है। वह व्यापार और समाज के विकास में विभिन्न सामाजिक,शैक्षणिक और प्रेरक गतिविधियों में बहुत सक्रिय है और इसलिए वह व्यापार मंडलों, रोटरी क्लब, रेडक्रॉस और गैर सरकारी संगठनों के साथ जुडे हुऐ है।

वर्तमान में उन्होंने “सामवेदा एकेडमी” की स्थापना की है। वह अपना अनुभव तथा रसद प्रबंधन (Logistics Management) में विशेषज्ञ ज्ञान को अपने समाज के युवाओं को मार्गदर्शन के तौर पर देना चाहते हैं । वह “जी.एच. रायसोनी  विश्वविद्यालय, नागपुर के द्वारा शुरू किए गए बीबीए शाखा के अंतर्गत रसद प्रबंधन(Logistics Management) पाठ्यक्रम और आईटीएम – खारगर नई मुंबई के प्रबंधक पाठ्यक्रमों को आकार देने के लिए नियुक्त की गई समिति में सलाहकार के लिए अपनी सेवा दे रहे हैं । वह 2013 में रोटरी क्लब ऑफ मुंद्रा के "अध्यक्ष" थे और 2009 से 2014 तक मुंद्रा के सीएफएस एसोसिएशन के वे "अध्यक्ष" रह चुके है। उन्होंने लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन मैनेजमेंट पर मॉडरेटर, पैनलिस्ट, स्पीकर और गुजरात/ मुंबई में विभिन्न पुरस्कार कार्यों में जूरी सदस्य के रूप में भी अपनी भूमिका निभाई है। उन्होंने दो आंतराष्ट्रीय सम्मेलनों में लोजिस्टिक ऐवं सप्लाई चेन मेनेजमेन्ट के विषय पर अपने लेख भी प्रस्तुत किये है।
वह 1994 से 2000 तक भारतीय पोवार संघ - भंडारा के युवा विंग "पोवार युवा मंच" के "अध्यक्ष" रह चुके है ।
वह अपने सफलता का श्रेय अपनी जीवनसाथी सपना कटरे बिसेन, माता - पिता, परिवार एवं शुभचितंकको देते है।

***

# सांसद केशोराव पारधी

प्रस्तुती : सोनू भगत, अर्जुनी त. तिरोडा. जि. गोंदिया

पोवार(पंवार) वंश के गौरव स्व. श्री केशोरावजी अनतरामजी पारधी का जन्म २१ अगस्त १९२९ को तुमसर शहर मे सामान्य कृषक परिवार मे हूआ था । आपकी शिक्षा तुमसर मे ४थी कक्षा तक हूयी। आपके माता पिता की आर्थिक स्थिति कमजोर होने से आप आगे की पढाई नही कर पाये। आप कृषि कार्य में माता पिता को बचपन मे मदत किया करते थे। बाद मे आपने तुमसर के बडे व्यापारी, श्री सेठ रायबहादुर दुर्गाप्रसाद सराफ के यहां नौकरी चालू की। आपकी ईमानदारी एंव कर्तव्यनिष्ठा देख आप उनके विश्वासपात्र बन गये। दुर्गाप्रसादजी आपको अपने बेटे जैसा मानते थे। आपकी ईमानदारी एंव कर्तव्यनिष्ठा देख कर आपको वर्ष १९५९ मे दुर्गादासजी ने नगरपरिषद तुमसर का पार्षद का चुनाव लढवाया। आपको उस चुनाव मे भारी मतों से सफलता प्राप्त हूयी। पांच वर्ष का कार्यकाल खत्म होने के बाद १९६४ मे फिर से नगरपरिषद तुमसर का चुनाव आप भारी मतों से जिते एवं आप पहली बार नगरपरिषद तुमसर के नगराध्यक्ष बने। आप १९६४ से १९७२ तक नगराध्यक्ष पद पर रहे। इस कार्यकाल मे आपने वैनगंगा पेयजल योजना से तुमसर को समृद्ध किया। इस बीच आपने शिक्षा क्षेत्र मे उल्लेखनीय कार्य किये. आपने सड़के एवं अन्य विकासकार्य को गती प्रदान की.

आप अल्पायु से ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबधित रहे थे। आपको वर्ष १९६७ मे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से महाराष्ट्र विधानसभा तुमसर विधानसभा से उतारा गया एवं आपने इस चुनाव मे भारी मतो से जितकर विपक्ष की जमानत जप्त कर दी थी। आप १९७२ मे फिर से तुमसर विधानसभा से भारी मतो से विजयी हूये। १९६७ से १९७७ तक आप महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य रहे इस बिच आपने महत्वकांक्षी "बावनथडी सिंचाई योजना" को स्विकृती दिलाकर एक लाख एकड़ सिंचाई वाले इस योजना से क्षेत्र मे हरितक्रांति लायी। वही आपने इस काल मे अनेक कार्य विकासकार्य किये जिसका वर्णन बहूत लंबा है।

१९७७-७८ मे जनता पार्टी के शासनकाल मे प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी को गिरफ्तार किया गया। उस समय देश मे अशांती की लहर फैल गयी थी। गिरफ्तारी के विरुद्ध हूये जनांदोलन का नगर नेतृत्व कर आपने स्वत: को गिरफ्तार करवा लिया था। आपकी पार्टी के प्रती निष्ठा देख आपको वर्ष १९८० के लोकसभा चुनाव मे भंडारा लोकसभा क्षेत्र से भारतीय राष्ट्रिय कांग्रेस ने उम्मीदवारी दी एंव आप भारी मतों से चुनकर सांसद पहूंचे। आप महाराष्ट्र पोवार समाज से पहले व्यक्ती थे जो संसद पहूंचे थे।

आप सांसद बनते ही छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, को तुमसर, तिरोडा, आमगाव मे स्टॉपेज् दिलवाया। वही आपने वरठी (भंडारा) ओव्हरब्रिज बनवाकर यातायात सुलभ बनाया। आपका रेल्वे क्षेत्र मे उल्लेखनीय कार्य गोंदिया जबलपुर रेलमार्ग को बडी लाईन मे तब्दिल करना रहा। आपके कार्यकाल मे यह कार्य बालाघाट तक ही हो सका। आपने इस कार्यकाल मे चिखला मे तांत्रिक महाविद्यालय तथा भंडारा मे टेक्निकल स्कुल की स्थापना करायी। गोंदिया का दुरदर्शन केंद्र एंवम इंजिनियरिंग कॉलेज आपके प्रयासो की ही देन है।

आप वर्ष १९८४ मे पुन: भंडारा लोकसभा से चुनाव जितकर संसद पहूंचे एवं आपने इस कार्यकाल मे शिक्षा के साथ बेरोजगारी दुर करने हेतू सदैव प्रयत्नशिल रहे है। क्षेत्र मे कृषी उद्योग जल के अभाव मे लोगो को आर्थिक राहत नही दे पाता था। शिक्षित बेरोजगारो की बढती संख्या देख आपने उद्योगो को अपने क्षेत्र लाने के लिए भरपुर प्रयास किये। आपके प्रयासो से युनिव्हर्सल फेरो अलाईज् खंबाटा तुमसर, सनफ्लॅग, ऐलोरा पेपर मिल, वैनगंगा सहकारी शक्कर मिल जैसे बडे उद्योग क्षेत्र मे ले आये।

आपने शिक्षा क्षेत्र पर भी विशेष ध्यान दिया है, आप सुदामा एज्युकेशन सोसाइटी तुमसर अध्यक्ष थे। एंव सहकार क्षेत्र मे भी आप BDCC बँक के अध्यक्ष रहे है। धार्मिक क्षेत्र मे आप हनुमान मंदिर ट्रस्ट चांदपुर के १९७० से फाउंडर ट्रस्टी रहे।

श्री केशोरावजी पारधी आप मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्ती थे। आपसे परिचित लोग बताते है जो आपके पास रोता हूआ आता था वह हसता हूआ वापिस जाता था। आप जिले समस्या सुलझाने मे हमेशा अग्रस्थान पर रहते थे। आपका नम्र व्यक्तित्व तथा निष्ठा ने आपको जनता के हृदयो पर राज करते थे। आप वर्ष १९५९ से १९८९ तक निरंतर ३० वर्षो तक राजनिती मे सफलता प्राप्त करते रहे। आप १ बार नगरपरिषद तुमसर के सदस्य, २ बार नगराध्यक्ष, २ बार विधायक, एंव २ बार सांसद रहे है। आप वर्ष १९८९ मे जिवन का पहला चुनाव श्री खुशालचंद्रजी बोपचे से अल्प मतो से हार गये। उसके बाद आपको भारतीय राष्ट्रिय कांग्रेस ने विधानपरिषद की उमेद्वारी दी लेकिन वहां भी आपको सफलता प्राप्त नही हो सकी। इसके बाद आप सामाजिक संस्थाओ से जुड कर एंव व्यक्तिगत रुप से समाजसेवा मे लग गये। दि. २९/०७/२०१८ को हृदयघात से आपका ८९ की उम्र मे स्वर्गवास हूआ। आप पोवारों को उन्नत जीवन देने वाली वैनगंगा नदी को प्राणदायिनी मानते थे इसलिए आपकी अंतिम इच्छा के अनुसार आपका अंतिम संस्कार मां वैनगंगा के किनारे माडगी मे कोष्ठी घाट मे किया गया। आपका अपनी मात्रभुमी से प्रेम ने आपको हमेशा के लिए क्षेत्र के इतिहास मे अमर कर दिया। निश्चित ही स्व. श्री केशोराव जी पारधी क्षत्रिय
पोवार(पंवार) समाज के लिए के सदैव ही प्रेरणाश्रोत बने रहेंगें.

# डॉ. निलाक्षी पटेल

- Sumit Patle IOFS, Ministry Of Defence

---

डॉक्टर नीलाक्षी पटेल, सुपुत्री डॉक्टर नरेंद्र हरिनखेडे बालाघाट, की शिक्षा दीक्षा लोधीखेड़ा तथा मुलताई के साधारण से सरकारी विद्यालय से हुई तथा इसके पश्चात इन्होंने एमबीबीएस गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज जबलपुर से सन 1998 में किया|
आप समाज की ऐसी डॉक्टर है जिन्होंने भारत से एमबीबीएस की शिक्षा प्राप्त की। श्री अतुल पटेल से शादी के पश्चात भारत से अमेरिका जाकर आप समाज की United States Medical Licensing Examination (USMLE, जो कि हर भारतीय डॉक्टर का सपना होता है) की परीक्षा क्लियर करने वाली पहिली महिला स्टूडेंट बनी। उसके बाद आपने (Univesity of Massachusetts) USA से एम डी मेडिसिन की डिग्री प्राप्त की व सुपर स्पेशलाइजेशन Rhematology में किया। आप वर्तमान में Stanford Health Care, Campbell, California में Rheumatologist हैं।

आपका अपने समाज से जुड़ाव हमेशा ही रहा। आप जब भी संभव हो परिवार व समाज के कार्यक्रमों में सपरिवार भाग लेती है। आप समाज के साथ साथ समूची मानव जाति के विकास के लिए उत्सुक रहती है। वहां से भी सभी के स्वास्थ्य एवम् जीवन की चिंता एवम् यथासंभव मार्गदर्शन करती रहती है।
भारत आने पर परिवार के साथ तो रहते ही है परन्तु कुछ दिन निकाल कर सभी से मिलने का प्रयास भी करते है। कितने ही रिश्तेदार उस दौरान उनके skills से लाभान्वित होते है। घर से, अपने देश से इतनी दूर रहकर भी उन्होंने अपनी जड़ों को मजबूत रखा है और वही अपने बच्चों में डालने के अविरत प्रयास करती है।
आपने अपनी उपलब्धियों से सभी महिलाओं और नई पीढ़ी की लड़कियों के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# डॉ. शेखर पटेल

प्रस्तुती : सोनू भगत, अर्जुनी त. तिरोडा. जि. गोंदिया

श्री शेखर पटेल : आपका जन्म वर्ष १९७३ मे वैज्ञानिक श्री मानिकलालजी पटेल के घर पुणे में हूआ था. आपके पिताजी वैज्ञानिक श्री मानिकलालजी पटेल, DRDO हैदराबाद मे कार्यरत होने की वजह से आपकी आपकी प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय कंचनबाग, हैदराबाद से हूयी। आपने B. Tech, Dairying, Tirupati, Andhra Pradesh Agricultural University से किया। बाद मे M.Tech, National Dairy Research Institute से किया। Biosystems Engineering में आपने Oklahoma State University, USA से PhD पूरी की। आपने Wharton Business School से Finance & Accounting में और Harvard Business School से Risk Management में प्रमाणपत्र प्राप्त किया है।

आपने वर्ष १९९९ में, L&T Niro में Trainee के रुप मे पहली नौकरी की शुरुवात की। बाद मे आप कई मल्टीनैशनल Pharma, Food, Diagnostics कोंपनियों में काम किया। जैसे PepsiCo के हेडक्वार्टर मे advance research मे R&D director के पद पर काम किया। यहां आपको केमिस्ट्री के नोबेल प्राईज विजेता Arieh Warshel के साथ काम करने का अवसर प्राप्त हुआ। वर्तमान में आप अमेरिका की USHydrations कंपनी में Senior Vice President and member of board of directors के पद पर कार्यरत हैं. साथ ही आप USHydrations company की sister company Ayvo Hydrations से भी जुड़े हैं . आप यहां CEO के पद पर भी कार्य कर रहें हैं।

आप अमेरिका मे रहकर सामाजिक एवं अंतराष्ट्रीय संस्थाओ के साथ सामाजिक कार्यों में भी आपका विशेष सहयोग है। आप RSS की अंतराष्ट्रीय संस्थान, ICCS (international center for cultural studies) के विश्व अध्यक्ष हैं. ICCS संस्था लगभग ३०देशों में आदिवासियों के बीच काम करती है। आप हिंदू युनिव्हरसिटी ऑफ अमेरिका, के बोर्ड ओफ़ ट्रस्टी भी है एवं The biophysical society की public Affairs committee के आप मेंबर भी रह चुके हैं. आप वर्ष १९९६ मे M.Tech करते समय RSS संस्था से जुड़े थे। आप B.Tech के दौरान स्टुडंट युनियन के अध्यक्ष होने के नाते आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यसभा में प्रश्न उठवाने की वजह से कांग्रेस और TDP से काफी परिचित थे।अमेरिका जाने बाद, आप अमेरिका मे Oklahoma state के RSS के विभाग कार्यवाह रह चुके है। आप २००३ मे ICCS के जनरल सेक्रेटरी एवं २०१३ में ICCS के अध्यक्ष बने। आपको ICCS में कार्य करते हूये राष्ट्रीय स्तर के अधिकारियों के साथ कार्य करने के अवसर मिलते रहे हैं . आप इसी बीच भारत में भी RSS के गुरुग्राम (गुडगाव, हरियाना) मे नगर कार्यवाह रह चुके है। आपके गायत्री परिवार से आत्मसंबंध है।

आप अमेरिका में रहते हुए भी अपने पैतृक गांव से बहुत अधिक लगाव रखते हैं . आपकी भविष्य की योजना अपने पिताजी के जैसे, गांव आकर रहने की है एवं गांव क्षेत्र में औद्योगिक विकास का उद्देश्य लेकर आप अमेरिका छोड गांव आने का निश्चय कर चुके हैं. आपने गांव मे घर का जिर्णोद्धार कर भव्य घर बनाया है। आप प्रतिवर्ष १ महिने के लिए अपने पैतृक गांव सोनेगाव (कटंगी) आते है। अभी आप इस कोरोना व्हायरस की वजह से अमेरिका की चीन की सप्लाय चेन को भारत की ओर मोडना चाहते है। एवं प्रदुषण करने वाली इंडस्ट्रिज से दुर रहकर environment friendly industries को अपने क्षेत्र मे लाना आपका सपना है। आप इसके लिए प्रयासरत है। आप अमेरिका से भारत लौटने पर समाज के लिए शिक्षा एंव हेल्थकेयर मे इन्वेस्ट करना आपका एक सपना है। आप समाज के लिए अनेक सपने लेकर कार्य करने की मंशा रखते है।

आप वर्ष २००३ के पुर्व समाज के लिए बहूत महत्वपुर्ण कार्य कर चुके है। आपने गांव-गांव जाकर समाज की जानकारीयां संकलित की है। एवं आपने powarbandhu.com, जो पोवार समाज की पहली वेबसाईट थी उसका निर्माण किया था। आपने भविष्य का डिजिटल समाज को भांपते हूये powarsamaj.org वेबसाईट का निर्माण किया है। आपका यह कार्य भविष्य के समाज के लिए नयी दिशा होगी। आपका जीवन आदर्शो से भरा पडा है, आप समाज के अनमोल रत्न एवं गौरव है। समाज के युवाओ के लिए आप निश्चित ही प्रेरणा स्वरुप है। अब हम आपके भारत आगमन का इंतजार कर रहे है, हमे गर्व होगा आपके साथ कार्य करने में.

***

**5.हायकु की प्रमुख विशेषता**

**5-1. अनुभूति काव्य :-** हायकु या अनुभूति की, संवेदना की कविता आय. येको मा लक कोनतो ना कोनते एखाद सत्य अभिव्यक्त होसे. हायकु या आपलो जीवन मा अनुभूत सत्य की कविता आय. सत्य को बिना हायकु साकार होनों असंभव से. हायकु मा कोनती ना कोनती सच्चाई रव्हनो आवश्यक से.

हायकु की सबसे खूबसूरत विशेषता या से कि येको मा कवि (हायकुकार) आपली गहण अनुभूति ला कमसे कम शब्दों मा सरलता व सहजता लक प्रस्तुत कर देसे. हायकु मा अनुभूति कसी अभिव्यक्त होसे येको एक उत्तम उदाहरण निम्नलिखित से

पोवारी भाषा
मधुर ह्रदयस्पर्शी
माय की वाणी

**5-2. चित्र काव्य :-** हायकु की तीन पंक्ति व्यक्ति को मन मा एक चित्र प्रस्तुत कर देसे.उदा .-

भाषिक क्रांति
हर घर पहुँची
अस्मिता जागी

**5-3.निसर्ग को मानवीकरण :-** हायकु मा निसर्ग को मानवीकरण करनों सहज संभव से. उदा. -

हिरवी साड़ी
सुशोभित पहाड़ी
शालिन नारी.

**5-4 .श्रव्य प्रतिमा (Image) :-** हायकु मा विभिन्न अलंकार, प्रतीक व परछाई , कहावत व मुहावरा इत्यादि को प्रयोग होसे . येको कारण येन् लहान सी कविता को रुप निखरकर अधिक उत्कृष्ट बन जासे. श्रव्य बिंब अथवा प्रतिमा को एक उदाहरण निम्नलिखिस से -

वारेव पान
पाय खाल्या आयेव
चकनाचूर

**5-5.भावों की अभिव्यक्ति ला महत्व :-** कौ नसीच तीन पंक्ति की कविता ला हायकु नहीं कहेव जाय. हायकु मा भावों की अभिव्यक्ति परम आवश्यक रव्ह् से .

हायकु येक नवी दुल्हन समान से , जेको अर्धो चेहरा घुँघट मा रहके भी कोनी भी वो को बचेव अर्धो सुंदर चेहरा की कल्पना कर लेसे. तात्पर्य , हायकु मा ज्या बात कहीं गयी से वोको महत्व त् सेच लेकिन ज्या बात नहीं कही गयी से वोला भी बहुत महत्व रव्ह् से . हायकु येव एक लहानसो दीपक समान से, जेव दिसननों मा लहान दिस् से परंतु संपूर्ण कमरा ला प्रकाश लक प्रकाशित कर देसे. येव त्रिपदीय काव्य , अनुभूति की तुलना की दृष्टि लक कौनसी भी मोठी कविता दुन कम नाहाय. येव लहानसो हायकु वाचक /पाठक को ह्रदय पर बहुत गहरी छाप छोडनों मा सफल से.

**5-6 . यमक को महत्व :-** हायकु मा लय अथवा काव्यात्मकता आवनसाती यमक जमनों भी आवश्यक से. हायकु मा अग्रलिखित तीन स्वरुप मा लक कौनसो भी एक प्रकार को येमक जमें पाहिजे.(1) पयललों व तीसरों पंक्ति मा यमक अथवा (2) दूसरों व तीसरों पंक्ति मा यमक अथवा (3) तिन्हीं पंक्तियों मा यमक.

**6.पोवारी साहित्य साती लाभदायक**

*****************

हायकु का गुण व विश्व मा येकी लोकप्रियता देखकर पोवारी साहित्यिकों न् भी येन् काव्यशैली को अंगीकार अवश्य करें पाहिजे. पोवारी भाषा व साहित्य मा हायकु ला अपनावन का प्रमुख फायदा अग्रलिखित सेती . - (1) हायकु को स्वीकार करेव लक पोवारी साहित्य ला एक नवीन लोकप्रिय अंग ( Aspect) प्राप्त होये . (2) पोवारी साहित्य अधिक समृद्ध होये. (3) पोवारी साहित्य को प्रति जन -मन को आकर्षण बढ़े. (4) पोवारी साहित्य मा हायकु को प्रचलन येव जनचर्चा को विषय बनें. परिणामस्वरुप पोवारी भाषा को प्रचार - प्रसार ला मदत मिलें. (5) पोवारी कवियों की काव्य कला मा अधिक निखार आयें. (6) पोवारी साहित्य मा आधुनिकता की अनुभूति होये . येको कारण पोवारी भाषा, साहित्य व समाज की एक चांगली प्रतिमा जनमानस मा साकार होये.

***

# हायकु : एक जापानी काव्यशैली

लेखक प्राचार्य ओ.सी.पटले इतिहासकार

---

**1.प्रास्ताविक**

*****************

मनोभाओ ला अभिव्यक्त व पाठकोंको मन ला उद्वेलित करने वाली शब्द रचना ला कविता (Poem) कसेती . प्रस्तुत लेखक को अनुसार " कविता को अभिप्राय से मनोभाव , विचार अना कल्पना की सुंदर अभिव्यक्ति. " विश्व की सभी भषाओ मा अलग-अलग प्रकार की कविता लिखी जासेती . कठोर ह्रदय मा करुणा व जीवन मा हार मान लेईसेस , असो व्यक्ति मा नवी उमंग को संचार करनेवाली कविता हर देश मा पायी जासेती.
जापान मा हायकु , ताँका , ससेदोका, चोका , हाइबन ये काव्य प्रकार अस्तित्व मा सेती . विश्व मा हायकु अधिक लोकप्रिय से. पोवारी साहित्यिकोंला हायकु की शास्त्रीय माहिती अवगत करावनों येव येन् लेख को प्रमुख उद्देश्य से .

**2.पोवारी साहित्य मा स्वागत**

*****************

हायकु येव आपलो लघु आकार , वोको मा निहित भाव संवेदना व विचारों को कारण बहुत प्रभावी ना लोकप्रिय से. भारत मा सर्वप्रथम गुरुदेव रविन्द्रनाथ टैगोर न् 1916 मा येव काव्य प्रकार बांग्ला भाषा मा आनीन . हिंदी साहित्य मा आता हायकु ला महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त भय गयी से . प्रस्तुत लेखक भी हायकु ला पोवारी भाषा मा प्रस्थापित करनो चाव्ह् से . अत: 2018 पासून पोवारी भाषा मा स्वरचित अनेक हायकु प्रकाशित करेव गया. पोवारी साहित्यिक येको स्वागत करन उत्सूक सेती . हायकु को कारण पोवारी साहित्य ला एक नवीन आयाम व एक नवी कीर्ति प्राप्त होये.

**3.हायकु को स्वरुप**

*****************

हायकु या तीन पंक्तियों की एक अत्यंत लहान असी कविता आय. गागर मा सागर वाली कहावत हायकु मा चरितार्थ होसे . येको मा केवल 17 अक्षर या वर्ण रव्ह् सेती . येकी पहली पंक्ति मा 5 , दूसरी मा 7 व तीसरी मा पुन: 5 वर्ण रव्ह् सेती .
येको लहान आकार येव् च येको प्रमुख गुण आय. लहान आकार को कारण येला "एक श्वासी काव्य * कहेव जासे .

**4.हायकु को मुख्य नियम**

*****************

हायकु की तिन्हीं पंक्ति अलग -अलग रहे पाहिजे. तात्पर्य, एकच पंक्ति ला तोडके 5- 7 - 5 को क्रम मा नहीं लिखें पाहिजे. हायकु को एक उत्तम उदा. निम्नलिखित से -

साहेब बन्या
बंगला बनाईन
पोवारी भुल्या

# आंबागढ किला

प्रस्तुती : सोनू भगत, अर्जुनी त. तिरोडा. जि. गोंदिया

वैनगंगा क्षेत्र में पोवार(पंवार) क्षत्रिय वंश के गौरवशाली अतीत से जुड़ा, आंबागढ किला भंडारा जिले के तुमसर तहसील में आता है। तुमसर से यह किला लगभग १० किमी दुर स्थित है। यहां पहूंचने के लिए निजी वाहन से ही पहूंचा जा सकता है। यह किला सतपुड़ा पर्वत श्रंखला की एक पहाडी पर स्थित है। इस किले पर लगे एक लेख से पता चलता है की इस किले का निर्माण गोंड शासक बुलंदशाह के सुबेदार राजाखान पठान ने जंगल मे शत्रु से बचाव के लिए वर्ष १७०० मे करवाया था।

इस किले का निर्माण बहूत ही कलात्मक रुप मे किया गया है। बख्त बुलंदशाह के पुत्र चांद सुल्तान की पत्नी रणकुंवर का वास्तव्य कुछ काल इस किले मे रहा, उनका स्नानघर भी हूआ करता था जो आज भी जर्जर हालात मे दिखायी देता है। गोंड राजाओ के बाद मे यह किला मराठाओ के अधीन चला गया, उस समय इस किले का उपयोग कैदखाने के रुप मे किया जाता था।

पवारी ज्ञानदीप पुस्तिका के अनुसार रघुजी भोसले के शासन काल मे आंबागढ किले का किलेदार, पोवार श्री मोतीप्रसादसिंह ठाकुर थे। उस समय इस किले का उपयोग कैदखाने के लिए किया जाता था। इस किले मे एक अंधारखोली भी है जिसमे कैदियो को रखा जाता था। इस किले मे एक कुंआ है जिसके बारे मे किले के बाहर लगे बोर्ड पर लिखा गया है की इस कुंए का पानी जहरीला हूआ करता था, खतरनाक अपराधियों को वह पानी पिलाया जाता था जिससे उनकी मृत्यु हो जाती थी.

इस किले के बारे मे स्थानीय लोग बताते हैं की इस किले से एक सुरंग ऐसी है जो सीधे नागपुर के किले मे निकलती है लेकिन हमारी खोज मे यह सुरंग हमे दिख नही पायी। शायद वही अंधारखोली से वह सुरंग होते हूये नागपुर निकलती होगी। यह किला गोंड, मराठा, ब्रिटिश काल में एक मुख्य किला हूआ करता था, ३२० वर्ष बाद यह किला अब जर्जर हो चुका है। लेकिन महाराष्ट्र शासन द्वारा इस किले को पर्यटन योग्य रुप दिया गया है। इस किले मे पर्यटक कम संख्या मे आते है इसलिए यहां आने पर शांती प्रतीत होती है। एक दिन की पर्यटन यात्रा के लिए यह किला परिपुर्ण है।

क्षत्रिय पोवारों ने विदर्भ के शासकों के साथ सैन्य भागीदारी की थी और इस किले पर लंबे समय तक किलेदार रहें इसीलिए इस किले के साथ हमारी आत्मीयता होना स्वभाविक है .

***

# पोवार समाज के विकास, कल्याण और उत्थान के लिए सिहांवलोकन

✍ नरेश कुमार गौतम
उपविभागीय अभियंता, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, मुंबई

विभिन्न धर्मों और समाजों, जातियों के संगठन, समूह, समाज, संघ और एकता मंच बने हुए हैं. सामाजिक स्तर पर सामूहिक रूप से विभिन्न आयोजन कार्यक्रम किए जाते हैं. विभिन्न आयोजनों में समाज, जाति और धर्म के संगठनों की एक विशिष्ठ भूमिका और योगदान होता हैं. सामाजिक स्तर पर अपनी जाति और समाज के उत्थान, विकास और एकजुटता के लिए जो शुरुआत कुछ समाजों में की गई हैं वह अनुकरणीय हैं.

लेकिन समाज और जाति के जो संगठन बने हैं वे मूलतः अपने समाज के विकास उत्थान के लिए बने हैं. ऐसे लोगों को सही दिशा में लाने और सकारात्मक दिशा में सोचने और आगे बढाने के लिए समाज के बुद्धिजीवी लोग आगे आते हैं, उन्हें सही रास्ता दिखाते हैं. अगर उनका निजी, अनैतिक गैर कानूनी हित लाभ उसके पीछे निहित नहीं होता हैं तो वे सही दिशा में आगे जाते हैं. वे अपने दायरे में जो करते हैं उनके लिए समाज कानून और व्यवस्था हैं. अगर संगठन अपने पास उपलब्ध दायरों के तहत, जिस दावे और जाहिर तौर पर कही जाने वाली बाते और उद्देश्य के लिए बनाए गए हैं उस हेतु वास्तव में संकल्परत, कार्यरत हैं या अमल करते हैं तो वे समाज संगठन कम से कम अपने दायरे और उपलब्ध संसाधनों से अपने परिवार, जाति, समाज, धर्म के लोगों का तो विकास और कल्याण कर ही सकते हैं, करते हैं और करना चाहिए तभी वह उद्देश्य सिद्ध होगा. इसी मापदंड के आधार पर निम्नलिखित आवश्यक मूलभूत विषयो पर संघटनों को कार्य करना चाहिए.

पोवार समाज के संगठन किस तरह से कार्य कर सकते है ताकि समाज के विकास, कल्याण और उत्थान के लिए सकारात्मक परिवर्तन किए जा सके.

1. पोवार समाज संघटनो द्वारा समाजिक स्तर पर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करवाए जाते हैं. यह समाज के स्तर पर काफी अच्छा कार्य हैं. समाज की प्रतिभाओं को और आगे लाने के लिए भी समाज अपने स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं.

2. समाज के समाजिक संगठन के द्वारा समाज के बच्चों को पढने के लिए प्रेरित करें, इसके लिए सामाजिक बैठकों में तय करें, विश्लेषण और सर्वे करें कि किसी परिवार के बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करने मे आर्थिक रूप से असक्षम हो तो उनको पढने के लिए आवश्यक मदत करने के विकल्प खोजें.

3. अगर किसी परिवार के पास बच्चों को पढ़ाने के लिए सिमित संसाधन हैं और आर्थिक कमी हैं तो समाज के संसाधनों और फंड से उनको आर्थिक और अन्य आवश्यक सहायता की जा सकती है.

जो कार्य समाज अपने स्तर पर कर सकते हैं उनमें से स्कूल-कोलेजों में पढने वाले विद्यार्थियों के लिए अलग से शिक्षण-प्रशिक्षण और ट्रेनिंग के कार्यक्रम कर सकते हैं.

इससे उनके विद्यार्थी जीवन में परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए लाभ मिल सकेगा और सरकारी निजी शिक्षण संस्थानों के सिमित दायरों के अध्ययन से आगे भी उनको ज्यादा सीखने को मिलेगा.

प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में भी दिया जा सकता हैं. कई युवा बाहर हजारों, लाखों रूपए देकर नौकरी के लिए प्रशिक्षण लेते हैं. कुछ समाज अपने स्तर पर इस प्रकार के आयोजन और ट्रेनिंग करवा भी रहे हैं. यह अनुभव दूसरे समाज से प्रेरणा लेकर अपने संसाधनों के आधार पर अपने सदस्यों के युवाओं के लिए लागू कर सकते हैं.

4. समाज के स्तर पर जो समाज जो ऐसे प्रशिक्षण शाखा बनाते हैं वे युवाओं को सरकारी और निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की जानकारी हेतु सूचना और डेटा रखें और उनको नियमित जानकारी प्रदान करे  जिन्हें ऐसी जानकारी की आवश्यकता हो.

5. कोरोना काल की विकट परिस्थितियों में समाज की ओर से ऐसे प्रकोष्ठ भी बनाए जाने चाहिए जो अपने समाज के युवाओं को लधु उद्यम, अपने स्वयं के द्वारा शुरू किए जा सकने वाले कारोबार और सेवा कार्यों के बारे में जानकारी दे सकें जिससे आजीविका के लिए उनके पास जो ज्ञान, स्किल, संसाधन और योग्यता हैं उसके अनुरूप उपलब्ध परिस्थितियों में वे कैसे रोजगार, काम शुरू कर सकें या जो उनकी योजना हैं उसे कैसे लागू कर सकें; जो कार्य उनके पास हैं,  उनके परिवार के पास हैं उसे कैसे बेहतर बना सकें.

6. समाज की ओर से सदस्यों को सरकारी योजनाओं की निरंतर जानकारी देने के लिए भी सूचना संसाधन इकाई बनानी चाहिए जो अपने समाज द्वारा संकलित किए डेटा व जानकारी से तथा दूसरे समाजों से मिली जानकारी से, अपने क्षेत्र में या दूसरे क्षेत्रों के कार्यरत स्वयं सेवी संस्थानों (N.G.O.) के पास उपलब्ध जानकारी लेकर उनको प्रदान कर सकें.

7. समाज अपने सदस्यों के विकास कल्याण के लिए उन सरकारी योजनाओं का उनको लाभ दिलवा सकते हैं वे दिलवाएं. निजी तौर पर व्यक्तिओं को सरकारी विभागों में जाकर वांछित कार्य करवाने और लाभ लेने में सरकारी व्यवस्था में बैठे कई अराजक और भ्रष्ट कर्मचारियों के कारण व्यवधान और अवरोध आते हैं. सामाजिक स्तर पर मदद करने से सरकारी विभागों से वांछित और योग्य व्यक्तियों को उनके जायज हक के अनुसार सरकारी योजना का उचित लाभ मिल सकेगा.

8. समाज में वैवाहिक आयोजन एक सबसे ज्यादा मुश्किल और खर्चे वाला मामला होता हैं. इसके लिए समाज अपने स्तर पर सामूहिक मिलन जैसे कार्यक्रम रखें और और समाज में एक ऐसी इकाई रखें जो वैवाहिक मामलों में जीवन साथी चुनने के लिए सर्वे, जानकारी, डेटा आदि रखें और सदस्यों में आदान प्रदान के लिए भी एक उचित माध्यम बनाकर रखें ताकि किसी परिवार और किसी व्यक्ति के लिए जैसा वांछित जीवन साथी उसी बिरादरी का चाहिए तो उनको चयन करने और ढूंढने में समाज की इस शाखा  के माध्यम से आसानी हो सके. इसके लिए समाज अपने दूसरे जिलों और राज्यों में भी सूचना और जानकारी का आदान प्रदान कर इसे और बेहतर बना सकत हैं.

9. सामूहिक रूप से विवाह समारोहों का आयोजन अनेक समाजो में चल रहे हैं. इसे बहुत से समाज भी लागू करते हैं ताकि परिवारों पर वैवाहिक आयोजन में होने वाले अनावश्यक खर्चों और दहेज़ के मसलों पर नियंत्रण और नियोजन में काफी सहायता मिलेगी. इस मामले में एक दूसरे समाज के प्रतिनिधि आपस में अपने समाज में किए जाने वाले सामूहिक वैवाहिक आयोजनों के बारे में अपने अनुभव बाँट सकते हैं ताकि दूसरे समाजों के अनुभव के आधार पर वे अपने समाज में और किस तरह से बेहतर या नियोजित रूप से समारोह आयोजित कर सकते है.

10. सामूहिक विवाह समारोह के उपरांत भी समाज के परिवारों में समरसता बनी रहे, सदस्यों का जीवन यापन बेहतर रहे, परिवारों की एकजुटता व मधुर सम्बन्ध बने रहे इसके लिए भी समाज अपने स्तर पर एक बेहतर कार्य कर सकता हैं.

समाज के परिवारों में परिवार के सदस्य सही तरह से मधुर सम्बन्ध बनाकर रखें इनके लिए समाज की ओर से पारिवारिक परामर्श सेवा केंद्र शुरू कर सकते है. परिवार परामर्श केन्दों में परिवारों में अगर कोई विवाद या समस्या का मामला हो, परिवार के सदस्यों में विवाद हो तो परिवार के सदस्यों या उनसे परामर्श कर समाधान किया जा सके. अगर परिवार का एक सदस्य दूसरे स्थान से हैं तो समाधान के आगे की दिशा में उस जगह के समाज के लोगों से भी बात कर विवाद या समस्या का समाधान समाज के स्तर पर ही करें. इस प्रकार के मामले नैतिक, सामाजिक और कानूनी दायरों में हो यह समाज के पदाधिकारी को ध्यान मै रखना चाहिए.

11. समाज अपने सदस्यों के विकास कल्याण के लिए सरकारी योजनाओं, सरकारी बैंकों से ऋण दिलवाकर जो लाभ दिलवा सकते हैं वे दिलवाएं. निजी तौर पर व्यक्तिओं को बैंकों में जाकर ऐसी कार्य करवाने में कई बार दिक्कतें आती हैं इसलिए सामाजिक स्तर पर मदद करने से बैंक से भी उनको उनके जायज हक के अनुसार लाभ मिल सकेगा.

समाज की ओर से इस प्रकार के बैंकों की जानकारी भी करवाई जाए जहाँ पारदर्शिता से उनको उनके जायज हक के अनुरूप असने से ऋण और अन्य लाभ मिल सकते हैं या उनके नियमों के तहत वांछित कार्य सहजता से हो सकते हैं.

12. समाज अपने संसाधनों से एक ऋण का कोष तैयार कर जरूरतमंदों को कानूनी और नैतिक दृष्टि से उचित आवश्यकताओं के लिए ऋण प्रदान कर सकते हैं.

13. कुछ समाज अपने स्तर पर स्वास्थ्य जाँच के लिए मेडिकल चेकअप कार्यक्रम करवाते रहते हैं, इस प्रकार के कार्यक्रम सामाजिक स्तर पर और व्यापक स्तर पर किए जा सकते हैं.

समाज के स्तर पर जिन लोगों के स्वास्थ्य का लाभ सरकारी अस्पतालों से मिल सके इसकी लिए सहायता इकाई बने और स्वयं सेवी संस्थानों ( N.G.O.) के मदद से अस्वस्थ लोग सरकारी अस्पतालों में कम खर्च में इलाज करवा सकें.

13. कई बार कुछ इलाज सरकारी अस्पतालों में नहीं होते हैं या महंगे होते हैं. कई इलाज निजी अस्पतालों में लाखों के खर्चे के होते हैं. ऐसे इलाज करने से लोगों के घर तक बिक जाते हैं.

स्थानिक समाज ऐसे कुछ मामलों में जहाँ आर्थिक सहायता की जरुरत हो,अपने समाज के उन सदस्यों को आर्थिक लाभ दे सकते हैं ऋण भी दे सकते हैं ताकि वे अपना महंगा इलाज आसानी से करवा सकें और स्वस्थ होने के बाद राशि लौटा सके.

14. कुछ निजी अस्पताल मुफ्त में और कम से कम खर्चे में भी इलाज करते हैं समाज के स्तर पर ऐसे अस्पतालों की जानकरी सदस्यों को करवाई जा सकती हैं. समाज स्वयं सेवी संस्थानों (N.G.O.) से सभी उनके क्षेत्र के ऐसे अस्पतालों की जानकरी लेकर रख सकते हैं.

